दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 143 | जयपुर | शनिवार , 29 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


**मौसम** जयपुर

30.0° अधिकतम तापमान

19.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेंक्स | 77,414.92
-191.51 (0.25%)

निफ्टी | 23,519.35
-72.60 (0.31%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 91,530 /10g

चांदी | 1,05,000 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

**8वें वेतन आयोग से पहले बड़ी सौगात**

### सरकार ने बढ़ाया केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता, 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार (28 मार्च) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3% बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53% से बढ़कर 55% हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा।

**महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 7 साल में सबसे कम**

आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3% से 4% के बीच होती है, लेकिन इस बार बढ़ोतरी सिर्फ 2त्न है। ये पिछले सात सालों में सबसे कम है। वहीं सरकार आम तौर पर होली और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों से पहले बढ़ोतरी की घोषणा करती है। इस बार घोषणा होली के बाद की गई। महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है।



## राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला

## भीलवाड़ा में राज्यस्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सुशासन का मंत्र : सीएम

**10 हजार करोड़ रूपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण**

## पत्रकारों के लिए 'राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना' का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारे लिए सुशासन का मंत्र है। विकास और सुशासन के इस संकल्प में जनता का साथ हमारी ताकत है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान को एक समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित विकास एवं सुशासन उत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान के एकीकरण में अपना अमूल्य योगदान देने वाली महान विभूतियों को, विशेष रूप से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को नमन करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही राजपूताना की रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब से हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय किया है।

**आमजन को मिली ये सौगातें**

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने नगरीय विकास विभाग से संबंधित डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन, हरित अरावली विकास परियोजना, अन्नपूर्णा भण्डार, रजिस्ट्रार कार्यालय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुलने के दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर सभी जिलों की पंचगौरव पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इससे स्थानीय क्षमताओं और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

**हमने राज्य में बढ़ाई विकास की रफ्तार**

शर्मा ने कहा कि राजस्थान विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। हमारी सरकार किसान, युवा, मजदूर, महिला के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। हमने किसानों को वर्ष 2027 तक दिन में बिजली देने का लक्ष्य रखा है, साथ ही उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी विभिन्न नीतियां जारी की हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन में 12 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल, पेपर लीक प्रकरणों में गिरफ्तारी, राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू, राम जल सेतु लिंक परियोजना तथा यमुना जल समझौते जैसे जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरा किया जा रहा है।

**मरीज को मिलेगा घर बैठे अपॉइंटमेंट**

शर्मा ने कहा कि पत्रकार हमारे लोकतंत्र के प्रहरी और चौथा स्तंभ हैं। विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में उनकी भूमिका अहम है। उनके श्रम और समर्पण को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ने पत्रकार हेल्थ कवरेज (आरजेएचएस) योजना का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सा ऐप लॉन्च किया गया है। इससे मरीज घर बैठे मोबाइल से अपॉइंटमेंट ले सकेंगे।




**पिछली सरकार का शासन था भ्रष्टाचार का पर्याय**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के शासन में महिला उत्पीड़न, पेपर लीक की घटनाएं, बिजली की किल्लत, जल जीवन मिशन में घोटाले, ईआरसीपी के नाम पर राजनीति एवं आर्थिक कुप्रबंधन जैसे मामलों से प्रदेश अराजकता और अव्यवस्था की गिरफ्त में रहा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में केवल जनता को दिखाने के लिए इन्वेस्टमेंट समिट किया था। जबकि हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया। साथ ही, इस समिट में हुए एमओयू को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।**

## सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अनुसार अच्छा शासन वही है, जो लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुसार काम करे। इसी को ध्येय मानते हुए हमारी सरकार आमजन की बेहतरी और कल्याण के लिए काम कर रही है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि 30 मार्च 1949 को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही वृहद् राजस्थान का गठन हुआ था। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सनातन संस्कृति की परंपरा को कायम करते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने की सराहनीय पहल की है। उन्होंने कहा कि सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ है और अच्छी नीति व नीयत के साथ ही सुशासन स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के अन्तर्गत 35 लाख करोड़ रूपए के निवेश एमओयू हुए हैं, जिससे प्रदेश विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है।



मुख्यमंत्री की पहल पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान दिवस का वृहद स्तर पर आयोजन हो रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के भगीरथ प्रयासों से डबल इंजन की सरकार प्रदेश में प्रगति के पथ पर नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ श्री आलोक रंजन, जिला कलक्टर डूंगरपुर श्री अंकित कुमार सिंह, शासन सचिव कार्मिक श्री के.के. पाठक, महानिदेशक साइबर क्राइम श्री शरद कविराज, महानिदेशक बीकानेर रेंज श्री ओमप्रकाश को अटल ई-गवर्नेंस स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

## कठुआ में एनकाउंटर, 3 आतंकी ढेर, 4 जवान शहीद

### जैश के संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने जिम्मेदारी ली

बढ़ता राजस्थान

**कठुआ (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के राजबाग में 27 मार्च से चल रहे एनकाउंटर में तीन आतंकी मारे गए हैं। गोलीबारी में सुरक्षाबलों के चार जवान भी शहीद हुए हैं। ये जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के जवान हैं। कल ये जवान घायल हुए थे, कल देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

शहीद जवानों में तारिक हुसैन, जसवंत सिंह, बलविंदर सिंह शामिल हैं। चौथे की जानकारी सामने नहीं आई है। घायलों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जम्मू-कश्मीर के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के इन जवानों को पेट



में गोली लगी थी। डीएसपी धीरज सिंह समेत 4 अन्य घायलों का इलाज उधमपुर में सेना के अस्पताल में चल रहा है।

सूत्रों के मुताबिक राजबाग के घाटी जुथाना इलाके के जखोले गांव में सुरक्षाबलों को करीब 9 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी।






# राजस्थान में अप्रैल के पहले हफ्ते हीटवेव चलेगी

### अभी कंट्रोल रहेगा टेम्प्रेचर, आसमान भी रहेगा साफ; धौलपुर और कोटा में पारा 40 डिग्री पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी से परेशान लोगों को गुरुवार से थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो गई। उत्तरी हवा चलने से राज्य कुछ शहरों में गुरुवार को तापमान में मामूली गिरावट हुई। अगले 2-3 दिन में न्यूनतम तापमान में और भी गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इसके साथ ही अगले कुछ दिन तक राज्य में तापमान भी कंट्रोल रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 3 से 4 को अप्रैल से राज्य में हवा की दिशा बदल सकती है। पश्चिम से हवा चलनी शुरू होगी, जिसके बाद से गर्मी तेज पड़ेगी और हीटवेव चलने की संभावना है। पिछले 24 घंटे की स्थिति देखे तो राज्य में सभी शहरों में मौसम साफ रहा और तेज धूप रही। दिन में हल्की हवाएं चली जिससे अधिकांश शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई। जैसलमेर, बाड़मेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, फतेहपुर, सिरोही, माउंट आबू पाली के तापमान 2 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई, जिससे यहां तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली। कल सबसे ज्यादा तापमान धौलपुर और कोटा में क्रमश: 40.6 और 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

शाम होने के साथ ही अजमेर, जयपुर, बीकानेर, जोधपुर संभाग के जिलों में सतही स्तर पर तेज हवाएं चली। जयपुर, सीकर, उदयपुर, धौलपुर समेत कई जिलों देर रात को सुहावनी हवाएं चली।



**पूर्वी जिलों में औसत से ऊपर तापमान**

राज्य में कल पूर्वी जिलों चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, पिलानी, चूरू और गंगानगर में दिन का तापमान कल औसत से ऊपर दर्ज हुआ। वहीं पश्चिमी राजस्थान के जिले जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर समेत अन्य जगहों पर तापमान औसत से नीचे दर्ज हुआ।

**बाड़मेर-जैसलमेर से ज्यादा तापमान जयपुर में**

राज्य में कल पश्चिमी राजस्थान के तापमान में गिरावट होने से यहां अधिकतम तापमान कल 36 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुए। बाड़मेर में कल अधिकतम तापमान 35 .4 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 35 .3, जैसलमेर में 33 .1, जालोर में 35 .7 और गंगानगर में 35 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में कल जयपुर से भी कम गर्मी रही। जयपुर में कल अधिकतम तापमान 36 .2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# 12.5 लाख का लीकेज निकालने का टेंडर फिर भी लाइन में लीकेजो की भरमार

## अधिकारियों नहीं दे रहे ध्यान और ठेकेदार की घोर लापरवाही आई सामने

## ग्रामीण बोले, लीकेज निकालने के नाम पर चल रहा बंदरबांट का खेल

### हर रोज हजारों लीटर पेयजल की हो रही बर्बादी

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** अप्रैल महीने में प्रस्तावित नहरबंदी के चलते जहां एक ओर जलदाय विभाग पानी की बूंद बुंद को बचाने की अपील कर रहा तथा गर्मी शुरू होने के साथ ही पानी की किल्लत भी पैदा हो गई है जबकि कुछ घरों में पानी कई दिनों तक नहीं पहुंच पाता तो वहीं दूसरी तरफ विभागीय अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने और ठेकेदार की घोर लापरवाही के चलते हर रोज हजारों लीटर पेयजल की बर्बादी हो रही। आपको बता दे कि साहवा जलदाय विभाग के अधीन 178 गांवों ओर तारानगर शहर को पेयजल सप्लाई होता है। इसके लिए ललानिया से 400 और 600 एमएम की लाइन से पानी साहवा पहुंचता है। लेकिन हालात इस कदर बने हुए है कि इन मुख्य लाइन में ललानिया से साहवा के बीच अनगिनत लीकेज होने कारण बीच रास्ते में ही हजारों लीटर पानी बेकार में बह जाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति साहवा से फिल्टर होकर जाने वाली भलाऊ टीबा तारानगर की मुख्य लाइन की है। जहां साहवा से फिल्टर होकर जाने वाला पेयजल बड़े पैमाने पर हुए लीकेज के कारण रास्ते में व्यर्थ बह जाता है। साहवा से थिरपाली जोहड़ी सहित गांव की पेयजल लाइनों में भी आए दिन लीकेज के कारण हर रोज शुद्ध पानी की बर्बादी हो रही है लेकिन इसके बावजूद भी संबंधित ठेकेदार द्वारा लीकेज निकालने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। गुरुवार को बढ़ता राजस्थान प्रतिनिधि ने साहवा से ललानिया पेयजल लाइन का अवलोकन किया तो सारी स्थिति सामने आई। लाइन में हुए लीकेज को जीपीएस कैमरे में कैद किया गया। कस्बे के जागरूक नागरिक प्रदीप मुंदलिया, एडवोकेट मुकेश सैनी आदि ने बताया कि थिरपाली जोहड़ी पेयजल लाइन में आए दिन लीकेज से हर रोज पानी बेकार बहता है जिसके कारण जलदाय विभाग के पीछे श्योराणी रास्ते पर गिनाणी जैसे हालात बने रहते है भारी मात्रा में पानी बहने से रास्ता पानी से लबालब भर जाने के कारण लोगो का यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### सालाना खर्च होते है लाखों रुपए

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग उपखंड ललानिया के अधीन समस्त पेयजल लाइनों की लीकेज निकालकर दुरस्त रखने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च होते है। इस साल मई महीने में लीकेज निकालने का 12.5 लाख का टेंडर जारी हुआ। जिसके लिए बालाजी कांट्रक्शन कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी किया गया है। टेंडर अवधि का 10 महीने का समय बीत जाने को है लेकिन मुख्य लाईन में बड़ी संख्या में हुए लीकेज को दुरस्त नहीं किया गया, जिसके कारण हर रोज हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है।

**सरकारी पैसे के दुरपयोग का आरोप :** संबंधित ठेकेदार द्वारा पेयजल लाइनों में हुए लीकेज नहीं निकाले जाने पर कस्बे के जागरूक नागरिक एडवोकेट हजारीराम सैनी का कहना है लाइनों में जगह - जगह अनगिनत लीकेज से पानी की बर्बादी हो रही। लीकेज निकालने के नाम पर मिलीभगत से फर्जी भुगतान उठाकर आपसी बंदरबांट कर ली जाती है। योजना के नाम पर सरकारी पैसे का जमकर दुरपयोग किया जा रहा है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि लीकेज नहीं निकालने वाले ठेकेदार के भुगतान पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाह अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ मुख्यमंत्री और पीएचईडी मंत्री को पत्र लिखकर जांच करवाने और सख्त कार्रवाई करने की मांग करेंगे। नागरिकों का आरोप है कि जलदाय विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारो द्वारा लीकेज के नाम पर वर्षो से बंदरबांट का खेल खेला जा रहा है।

**पेयजल चोरी से होती सिंचाई :** कस्बे के जागरूक लोगों का कहना है कि साहवा से ललानिया व साहवा से भलाऊ टिब्बा की मुख्य पेयजल लाइन के आस- पास के खेतों में बोरवेल से सिंचाई होती है। कुछ स्थानों पर बोरवेल तो एक दिखावा मात्र है जबकि बोरवेल की आड़ में पेयजल लाइन से पानी चोरी कर फसल पका रहे है इसकी गहनता से जांच हो तो पेयजल लाइन से पानी चोरी का खुलासा हो सकता है लोगो की माने तो कुछ साधन संपन्न किसान जलदाय विभाग के कर्मचारियों और अधिकारीयो की मिलीभगत से पेयजल लाइनों से पानी चोरी करके फसलों की अच्छी खासी उपज ले रहे है।

**इनका कहना :** मुख्य पेयजल लाइन काफी पुरानी होने के कारण लीकेज की समस्या आती रहती है मुख्य लाइन में काफी लीकेज ठीक भी करवाए है अभी कोई लीकेज है तो उनको भी जल्द ठीक करवा दिया जायेगा।

**ऋतु , कार्यवाहक सहायक अभियंता पीएचईडी, ललानिया**

# ब्यावर में सड़क सुरक्षा पर सख्त रुख, यातायात नियमों के पालन पर जोर, हाईवे और शहर की सड़कों पर होगी सख्ती, अवैध वाहनों पर बढ़ेगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के सख्त पालन और दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने सड़क सुरक्षा में सुधार पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 12त्र आई कमी सराहनीय है। उन्होंने टोल प्लाजा पर टॉयलेट्स की सफाई, हाईवे से अवैध वॉशिंग सेंटर हटाने और नेम प्लेट पर गैर-कानूनी लेखन को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी बताया गया कि 62 वाहनों की आरसी निलंबित करने पर प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय रही। ट्रक यूनियन के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पिछले तीन महीनों में 102 स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई, जिसमें से 99 वाहन मानकों के अनुरूप पाए गए। इसके अलावा, निजी बस स्टैंड के स्थानांतरण और ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नेशनल हाईवे पर हाई मास्ट लाइट लगाने की योजना पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के सुधार, सुरक्षित हाईवे अभियान के तहत एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट और हेल्थ ड्राइव की समीक्षा की गई। स्कूल वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाल वाहिनियों की कड़ी निगरानी पर जोर दिया गया। खनिज पदार्थों के ओवरलोड परिवहन पर कार्रवाई तेज करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। राज्य सड़कों और हाईवे जंक्शनों के सुधार हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार करने की बात कही गई। इसके अलावा, अवैध कटों को बंद कर आवश्यक स्थानों पर नए कटों का निर्माण किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार तंवर, अतिरिक्त सीओ राजेश कसाना सहित प्रशासनिक अधिकारी, परिवहन विभाग, एनएचएआई, नगर निगम, एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा महाराणा प्रताप मण्ड़ल की मण्डल कार्यकारिणी घोषित, 2 महामंत्री 6-6 उपाध्यक्ष व मंत्री बनाए



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मण्ड़ल ने अपनी कार्यकारिणी भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष एडवोकेट जीतमल प्रजापत की अनुशंसा पर महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष रवि चौहान ने अपनी कार्यकारिणी मे 6-6 उपाध्यक्ष मंत्री व 2 महामंत्री बनाए। महाराणा प्रताप मण्डल अध्यक्ष रवि चौहान ने अपनी कार्यकारिणी मे उपाध्यक्ष पद पर नवलकिशोर मुरारका, बुधराज शर्मा, तारा सोनी, महेंद्रसिंह गौड, संतोष दगदी, सुमिता बाबेल, महामंत्री पद पर सत्येंद्र यादव, संतोष जाग्रत, मंत्री पद पर ममता वैष्णव, शशि चांवरिया, ललित आसरवा, कांता ग्वाला, देवेंद्र सेन, हेमंत खत्री, कोक्षाध्यक्ष पद पर नितिन खण्डेलवाल, कार्यालय प्रभारी रामेश्वर गहलोत, आईटी संयोजक मनिष बंसल सहित 43 कार्यकारिणी सदस्य रिद्धि राजावत, रेखा भाटी, कमला दगदी, साधना सारस्वत, अनिल भोजक, गोविंद घांवरी, दिलीप दगदी, संजय भाटी, शैलेंद्र चौहान, जगदीश रायपुरिया, भंवरसिंह चौहान, प्रीति शर्मा, अंजु गोयल, छोटी देवी रेगर, ममता छत्रावत, भूरी देवी मेघवाल, सीमा शर्मा, संगीता द्विवेदी, मंजू अरोड़ा, ललित जालान, सुनीता भाटी, राम भारती, कैलाश गहलोत, डी के जैन, केसरीमल सांखला, हेमसिंह रावत, पवन रायपुरिया, रमेशचंद राठौड़, सौभागमल खौरवाल, नाथूलाल पारीक राकेश भंडारी, भवानी शंकर शर्मा, प्रकाश माली, हरीश सांखला, ईश्वर राजवानी, अविनाश गर्ग, त्रिलोक शर्मा, अरिहंत कांकरिया, दिलीप भंडारी, डीके जैन, राकेश नरूका, कन्हैयालाल साहू सहित टीम घोषित।

# सखी बनकर बेसहारा और असहाय महिलाओं की मदद करें कार्मिक : शर्मा

## राज्य महिला आयोग की रजिस्ट्रार शर्मा ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राज्य महिला आयोग की रजिस्ट्रार ब्रज माधुरी शर्मा ने कहा कि बेसहारा और असहाय महिलाओं की एक मित्र या सखी बनकर मदद करेंगे तो उसे अपनत्व का अहसास होगा। हम अपनापन का परिचय देंगे तो वे भी अपनी पीड़ा को खुलकर साझा करेंगी। शर्मा ने यह बात शुक्रवार को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से भुवाणा शहरी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान कही। रजिस्ट्रार शर्मा ने कहा कि सेंटर पर आने वाली अधिकांश महिलाएं किसी ना किसी समस्या एवं पीड़ा से ग्रसित होती है। ऐसे में सेंटर पर काम करने वाले कार्मिक उनकी पीड़ा को स्वयं समझकर उसका निदान करेंगे तो पीड़िता को अपनत्व का अहसास होगा। उसे ऐसा महसूस होगा कि यहां पर सभी अपने ही है। निरीक्षण के दौरान शर्मा ने एक पीड़िता से बातचीत की। पीड़िता से यह जानने का प्रयास किया कि वे किन हालातों की वजह से यहां तक पहुंची। उन्होंने सेंटर कार्मिकों से महिलाओं की बेहतर और अच्छी काउंसलिंग करने की बात कही, साथ ही तत्परता से पीड़िताओं को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर संतोष जताया। इस दौरान केंद्र प्रबंधक किरण पटेल ने उन्हें जानकारी दी कि यहां पर देश के विभिन्न कोनों के साथ ही नेपाल से भी पीड़िताएं पहुंची है। ऐसे में कई बार भाषा संबंधी समस्याएं आती है, इसके बावजूद प्रयास रहता है कि ट्रांसलेट करके उनके परिजनों को तलाशा जाए। इसमें वे कामयाब भी होती है। सेंटर पर गत पांच सालों में इस तरह के करीब 800 केस का निस्तारण किया गया है। रजिस्ट्रार शर्मा ने सेंटर की सक्सेस स्टोरी का भी अवलोकन किया और कार्मिकों के प्रयासों को सराहा। निरीक्षण के दौरान महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी, केंद्र प्रबंधक किरण पटेल, लीगल एडवाइजर अनिता पंवार, सोशल एडवाइजर रेखा जीनगर, केस वर्कर सुमित्रा चौबीसा, नर्सिंग स्टॉफ प्रीति मीणा, आई टी वर्कर मोनिका देवड़ा, सुरक्षाकर्मी गंगाकुंवर राव, बहुद्देश्यीय कार्यकर्ता लक्ष्मी गमेती आदि मौजूद रही।

# रमजान के महीने में हुआ कुरान मुकम्मल

## मस्जिद में हाफिज रीहान खान ने सुनाई कुरान, एक साथ दुआ में उठे हाथ



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में सीताराम मंदिर स्थित शाही जामा मस्जिद में माहे रमजान के पवित्र महीने पर हाफिज रीहान खान द्वारा कुरान सुनाई गई, जिसमें 8 दिन में कुरान मुकम्मल हुआ। मुस्लिम संविदा के लोगों ने कुरान शरीफ सुनी। कुरान शरीफ मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में दुआ के लिए एक साथ हाथ उठे। इस मौके पर मुल्क में अमन चैन की दुआ और नात शरीफ व तकरीर की गई एवं दीन के बारे में तालीम भी दी गई। वहीं, जामा मस्जिद के इमाम मजलूम इस्लामी बरकाति ने कहा कि माहे रमजान का महीना बड़ी ही बरकतों का महीना है। इस महीने में ज्यादा से ज्यादा लोग इबादत करते हैं और रोजे रखते हैं। नमाजे अदा करते हैं। इसके अलावा इस महीने में ज्यादा से ज्यादा लोग गरीब मजबूर बेसहारों की मदद करते हैं। खैरात, जकात व अपनी जान और माल का सदका भी निकालते हैं। प्रागपुरा सदर आमिर मंसूरी ने अपील की कि इस माहे रमजान में लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें, जिससे हमारे साथ-साथ उनकी भी ईद हो जाए। हर मुसलमान पर रोजा फर्ज है। हर मुसलमान को रोजा रखना चाहिए और अपने रब को राजी करना चाहिए। मुजिफ खान ने बताया कि माहे रमजान का बहुत पवित्र महीना है। कुरान शरीफ मुकम्मल होने के बाद मुस्लिम संविदा के लोगों ने हाफिज रीहान खान को फूल मालाओं से व उपहार देकर उनका इस्तकबाल किया। इस दौरान हकिम लोहार, सराज लोहार, मुजिफ खान, वसिम खान, मईनुदीन लोहार, आसिफ खान, मुन्ना शाह, मुबारीक लोहार, मुस्ताक कुरेशी, सेफ अली, मुन्ना लोहार, आफताब खान, बिलाल लोहार, महम्मूद लोहार, मुमताज लोहार, ईस्लाम कुरेशी, जाहुदिन कुरेशी समेत मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सखियों ने मनाया गणगौर उत्सव



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सखी क्लब मितवा सोसायटी की सदस्याओं ने आज पारम्परिक तरीके से गणगौर उत्सव मनाया, जो भगवान शिव व माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है। संरक्षिका मंजू सिंघटवाड़िया ने बताया कि सभी सखियां गाणगौर की पारम्परिक वेशभूषा में आयी और राजस्थान की परम्परा को निभाते हुए आने वाली पीढ़ी को अपनें तीज त्यौहारों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उप संरक्षिका सुनीता मोदी,निधि कुम्भट,अध्यक्ष मोनिका नाहर,मंत्री मधु भण्डारी का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर घूमर नृत्य का आयोजन रखा गया जिसमें सभी सखियों ने उत्साहपूर्वक घूमर नृत्य किया। जिसमें नीतू सरूपरिया,रीना ,रेखा,मीना,माधुरी,माधवी,नंदिता,श्वेता, निर्मला,संगीता,सुषमा,जया आदि ने भाग लिया।

## 4 दिवसीय संस्कार शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जिनालय समिति की ओर से हिरणमगरी से.4 स्थित शांति सोमचन्द्र सूरी संस्कार वाटिका आयोजित 4 दिवसीय संस्कार शिविर का आज समापन हुआ।

समिति अध्यक्ष सुशील बांठिया ने बताया कि इस अवसर पर जिनालय समिति के सभी पदाधिकारी,महिला मण्डल अध्यक्ष,संस्कार वाटिका जोनल हेड मनीषा लोढ़ा, निकिता सिंघटवाड़िया एवं से. 4 पाठशाला के शिक्षक पंचम जैन,सुप्रिया जैन,शीतल पगारिया,ज्योति गोलछा,सम्पत जैन मौजूद थे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कविता, व्याख्या एवं नाटक के माध्यम से 4 दिवसीय शिविर का संक्षिप्त विवरण दिया गया। पाठशाला परीक्षा 2024-25 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 18 बच्चों का सी.के.जैन द्वारा बहुमान किया गया। शिविर में सहियोगकर्ता,सभी लाभार्थी परिवार की अनुमोदना एवं व्यवस्थाकर्ता दिव्या बापना एवं दिपिका जैन के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।

# जिला प्रभारी सचिव उर्मिला राजोरिया ने शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रभारी सचिव उर्मिला राजोरिया ने शुक्रवार को विभिन्न शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर कार्य व्यवस्था और अन्य कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ पावटा एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय व सीडीपीओ संगीता यादव भी मौजूद रही। प्रभारी सचिव राजोरिया ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपाला व नंद घर आंगनबाड़ी केंद्र गोपाला का निरीक्षण कर दौरा किया। साथ हि परिसर में स्वच्छता की जांच की और शैक्षणिक स्तर का अवलोकन किया तथा पढ़ाई की गुणवत्ता को अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई और साथ हि यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बच्चों को पौष्टिक आहार मिले और समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की जांच की जाए। वहीं, गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के अगले चरण में प्रभारी सचिव ने उप-जिला चिकित्सालय पावटा का दौरा किया। यहां उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। प्रभारी सचिव उर्मिला राजोरिया के निरीक्षण के दौरान उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. देवेन्द्र शर्मा भी मौके पर मौके मौजूद रहे। राजोरिया ने दवाओं की उपलब्धता का विशेष ध्यान रखने व अस्पताल में स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये और अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और आवश्यक संसाधनों की पूर्ति करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक सुचारू रूप से पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें।

## हनुमान जी महाराज, माता शेरावाली और डाली बाई की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा 06 को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** निकटवर्ती ग्राम ललाना में हनुमान जी महाराज, माता शेरावाली और डाली बाई की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनावरण 06 अप्रैल रविवार को कालाकोटा दाऊधाम के बाहू बलदेवाचार्य महाराज के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। भगत श्योराम दास स्वामी ने बताया कि इससे पूर्व 30 मार्च रविवार को महिलाओं द्वारा कस्बे के प्रमुख रास्तों से भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। यात्रा हनूमान बगीची मांजूकोट से शुरू होकर बाबा रामदेव मंदिर पर जाकर विसर्जित हो जायेगी। वहीं प्राण प्रतिष्ठा अनावरण के उपलक्ष्य में 06 अप्रैल को विशाल भण्डारे का आयोजन और जयराम ठेकला एण्ड प्रार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

# फैशन एंड मॉडलिंग समारोह में हुआ सम्मान

## साहवा के जूनियर कलाकार एंव मॉडल आयुग स्वामी दिल्ली में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** साहवा निवासी व हाल जयपुर के वैशाली नगर निवासी आयुग स्वामी पुत्र नितेश स्वामी को दिल्ली में आयोजित एक भव्य फैशन एंड मॉडलिंग समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री आँचल मुंजाल ने सम्मानित किया। गत रविवार को होटल रेडिशन ब्लू दिल्ली में आयोजित हुए कार्यक्रम में देशभर के कई उभरते मॉडल एंव कलाकारों ने भाग लिया।आयुग के पिता नितेश स्वामी पेशे से अधिवक्ता है। आयुग के जयपुर पहुंचने पर उसके परिवार के सदस्यों, हेमराज, सरोज, कन्हैयालाल, मोनिका, कल्पना व सत्यनारायण अग्रवाल आदि शुभचिंतको ने भव्य स्वागत किया। आपको बता दे कि आयुग स्वामी पुत्र नितेश स्वामी मूलतः साहवा के रहने वाले है। आयुग की इस उपलब्धि पर साहवा कस्बे से सरपंच कर्मचंद नैण, हनुमान सुथार, कृष्ण लाल बोहरा, नवल दुदानी, महेंद्र खान कुम्हार, एडवोकेट हजारीराम सैनी, दाऊ सुथार, राकेश सैनी, नरेश सहारण, एडवोकेट मुकेश सैनी, मंगेजसिंह बालापोता, मारूति लमानी आदि बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने आयुग के दादा रामस्वरूप स्वामी को उनके आवास जाकर ओर दूरभाष पर बधाई दी।



# राजस्थान आईटी डे 2025, सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए पूरी दुनिया की नजर भारत पर- आईटी मंत्री राठौड़

## आरआईसी में दो दिवसीय समारोह का समापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का समापन समारोह शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए भारत की ओर देख रही है। भारत में कम कीमत पर उच्च तकनीक की उपलब्धता इसे दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बनाती है।

कर्नल राठौड़ ने कहा कि आईटी आज लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जिससे कम समय में अधिक दक्षता के साथ काम करना संभव हुआ है। आज मेडिकल, स्पेस साइंस, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में आईटी ने लोगों के जीवन को आसान बनाया है। प्रदेश में भी आईटी की मदद से जन कल्याणकारी योजनाएं आमजन तक कम समय में पारदर्शिता के साथ पहुंचाई जा रही हैं।

### फायरसाइड चैट राजस्थान में हुई विस्तृत चर्चा

समापन समारोह के दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने %फायरसाइड चैट राजस्थान% सत्र में योरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा के साथ विस्तृत चर्चा में कहा कि राजस्थान का आईटी विभाग देश में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ट्रेंडसेटर के रूप में उभर रहा है, जिससे यह इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने राजस्थान के डेटा सेंटर को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया।

### सरकार की पारदर्शिता और जनकल्याण की प्रतिबद्धता—

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीता एक साल प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है। मुख्यमंत्री की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के कारण राज्य सरकार आमजन की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ लेने के लिए सरकार के पास आना पड़ता था, लेकिन अब आईटी के माध्यम से ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार लाभार्थियों तक पहुंचेगी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि दो दिवसीय आईटी डे आयोजन में लगभग 3000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान ङ्कलष्ट–ङ्क्र क्षेत्र में व्यापक चर्चा की गई तथा ही गेम जैम का आयोजन हुआ। साथ ही 75 से अधिक स्टार्टअप्स ने आईटी एक्सपो में अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया है। इस आयोजन ने राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक मंच प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक श्री इंद्रपाल सिंह सेठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाओं के लाभ को सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के विजन को साकार करने में एनआईसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### 9 स्टार्टअप्स को 12 करोड़ की फंडिंग—

**दिसम्बर 2024 में राइजिंग राजस्थान प्री समिट के दौरान नंदा कैपिटल ने आईस्टार्ट राजस्थान के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत 9 स्टार्टअप्स के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया गया। समापन समारोह में कर्नल राठौड़ ने इन स्टार्टअप्स को 12 करोड़ रुपए के फंडिंग चेक भी वितरित किए।**

## सुषमा शर्मा को 'क्रिटिकल एनालिसिस ऑफ संजय लीला भंसालीज़ डायरेक्टरल विजन' पर पीएचडी की उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सुषमा शर्मा को 'क्रिटिकल एनालिसिस ऑफ संजय लीला भंसालीज़ डायरेक्टरल विजन' विषय पर शोध के लिए आईआईएस यूनिवर्सिटी की ओर से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह विषय संजय लीला भंसाली के निर्देशन दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें फिल्म निर्माण के विभिन्न पहलुओं का गहन विश्लेषण किया गया।

सुषमा ने अपना शोध कार्य डॉ. रुचि गोस्वामी के निर्देशन में पूरा किया। यह शोध संजय लीला भंसाली की फिल्म शैलियों, उनके फिल्मी दृष्टिकोण और उनके काम की विशिष्टताओं पर आधारित है। सुषमा का यह शोध भारतीय सिनेमा और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान है।


आईआईएस यूनिवर्सिटी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने के बाद सुषमा ने अपने शोध कार्य के बारे में बताया कि यह उनका सपना था कि वह भारतीय सिनेमा की आलोचनात्मक विश्लेषण पर काम करें और संजय लीला भंसाली के काम को गहरे से समझें। उनका मानना है कि भंसाली का फिल्मी दृष्टिकोण भारतीय सिनेमा में एक नई दिशा और दृष्टिकोण लेकर आया है।

सुषमा के इस कार्य को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम माना जा रहा है, और यह उनकी शिक्षा की यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में राजस्थान अग्रणी बने– राज्यपाल

### राज्यपाल बागडे ने हेल्थकेयर पायनियर्स ऑफ राजस्थान कॉफी बुक का लोकार्पण किया

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में हेल्थकेयर पायनियर्स ऑफ राजस्थान कॉफी बुक का लोकार्पण किया।श्री बागडे ने इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से महती कार्य करने वालों का अभिनंदन किया और कहा कि चिकित्सक पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सेवा भाव रखते हुए कार्य करें। उन्होंने राज्य को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बनाने का भी आह्वान किया।उन्होंने चिकित्सकों द्वारा मरीज के साथ अच्छा व्यवहार करने और वैश्विक चुनौतियों के आलोक में चिकित्सा सेवाओं का प्रभावी विस्तार किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित भी किया।

### राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जारी किए आदेश

**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को आदेश जारी कर महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के कुलपति प्रो. रमेश चंद्रा को राज्य सरकार के परामर्श से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। राज्यपाल ने प्रो. चंद्रा के खिलाफ संभागीय आयुक्त, भरतपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें निलंबित किया है। संभागीय आयुक्त, भरतपुर द्वारा प्रथम दृष्टया उनके विरुद्ध आरोप प्रमाणित पाये गये।

## राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य ने राजकीय छात्रावासों का किया निरीक्षण

**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य श्री भुवन भूषण कमल ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य ने अलवर में राजकीय देवनारायण महाविद्यालय स्तरीय कन्या छात्रावास एवं राजकीय अम्बेडकर छात्रावास अलवर तृतीय का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर में साफ–सफाई सहित विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही अन्य सुविधाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# आयोग ने चुनावी प्रक्रिया में रचनात्मक सुधार के लिए सुझाव मांगे : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया को मौजूदा संवैधानिक ढ़ांचे की सीमाओं में प्रचलित प्रावधानों और कानूनों के तहत अधिक व्यवस्थित, मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए कवायद शुरू की है। इस क्रम में चुनावी प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हितधारक राजनीतिक दलों से रचनात्मक सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

महाजन शुक्रवार को शासन सचिवालय में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य–स्तरीय राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य–स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश पर राज्य भर में विधानसभा क्षेत्र और जिला स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा चुकी हैं। इस बैठकों में प्राप्त सभी स्तर के सुझावों को आयोग को भेजा जाएगा, जिस पर सकारात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

### स्थानीय बैठकों में 1,100 से अधिक राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल—

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुसार निर्वाचन विभाग ने प्रदेश भर में स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार–विमर्श का दौर पूरा कर लिया है। इस क्रम में, 20 मार्च तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की अध्यक्षता में सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्तर पर बैठकें आयोजित हुई हैं, जिनमें राजनीतिक दलों के कुल 921 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार, सभी 33 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के स्तर 25 मार्च बैठकें हुईं, जिनमें 182 राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं।

### बीएलए की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण—

श्री महाजन ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे मतदान केंद्र के स्तर तक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपने–अपने दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और उनकी सूचियां सम्बंधित चुनाव अधिकारियों को उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति चुनाव के समय मतदान और मतगणना के अतिरिक्त हर समय स्थानीय चुनाव अधिकारी (बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ)) के साथ समन्वय पर मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने आदि कार्यों में महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बैठकों में विचार–विमर्श के दौरान मतदाता पहचान–पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को निर्वाचन विभाग के माध्यम प्रशिक्षित करवाने, घुमंतू परिवारों के सदस्यों के नाम मतदाता के रूप में रजिस्टर करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने, मतदाता सूचियों की रंगीन प्रतियां उपलब्ध करवाने और 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करने के लिए आधार पहचान–पत्र का डाटा फेच करने जैसे सुझाव प्राप्त हुए हैं। महाजन के अनुसार, आयोग को इन बैठकों के विषय में तथ्यात्मक रिपोर्ट 31 मार्च तक आयोग को भेजी जाएगी. राज्य–स्तरीय बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), बहुजन समाज पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी आदि दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## ईद पर 1,00,786 जरूरतमंदों तक पहुंचेगा 'सौगात-ए-मोदी' अभियानः हमीद मेवाती



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान ने ''सौगात–ए–मोदी'' किट वितरण अभियान की शुरुआत जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से की। जेडीए कॉलोनी गोविंदपुरा में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडन और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने 551 जरूरतमंदों को ''सौगात–ए–मोदी'' किट वितरित किए। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद मेवाती ने बताया कि इस अभियान के तहत ईद के अवसर पर पूरे राजस्थान में 1,00,786 जरूरतमंदों तक यह किट पहुंचाने का लक्ष्य है। किट में खाद्य सामग्री, सेवई, खजूर, मेवे, चीनी, कपड़े और महिलाओं के लिए सलवार–सूट का कपड़ा शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ''सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास'' की रणनीति के तहत इस पहल को आगे बढ़ा रहा है। इस अभियान में 1,000 पदाधिकारी 1,000 मस्जिदों से संपर्क कर 100–100 जरूरतमंदों को किट वितरित करेंगे। प्रदेश मंत्री अजीत मांडन ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि मोर्चा ईस्टर, गुड फ्राइडे, नवरोज और भारतीय नववर्ष जैसे अवसरों पर भी जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाएगा, जिससे समाज में सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया जा सके। इस अवसर पर मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, प्रदेश उपाध्यक्ष जंग बहादुर पठान, प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी, प्रदेश आईटी संयोजक इरशाद हसनपुरा, जयपुर शहर महामंत्री मोहम्मद परवेज खान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रभारी मंत्री ने ग्राम अमाई के फार्मर रजिस्ट्री शिविर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### प्रत्येक पात्र तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें- कोटपूतली-बहरोड़ प्रभारी मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह ने उपखण्ड कोटपूतली के अमाई में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

सिंह ने शिविर निरीक्षण के दौरान सभी डेस्क पर जाकर किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिविर प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले पात्र किसानों को कृषि एवं पशुपालन विभाग से जुड़ी समस्त योजनाओं सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर हरसंभव सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने शिविर में किसानों के लिए बैठने व पेयजल की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री शिविर में जिले द्वारा किए जा रहे बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन व सम्बन्धित विभागों की प्रशंसा करते हुए अधिकाधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन करने को कहा। उन्होंने शिविर में मौजूद किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए।

सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखें ताकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने किसानों से अपने परिचित किसानों को शिविर के बारे में जानकारी देने को कहा एवं बताया कि किसान रजिस्ट्री, एग्रीस्टैक परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की एक पहल है जिसके माध्यम से कृषक विवरण, उसके द्वारा धारित कृषि भूमि का विवरण, प्रत्येक कृषि भूखण्ड के जीपीएस निर्देशांक, उस पर बोई गई फसलों का विवरण आदि को डिजिटल रूप में संकलित किया जाकर, प्रदेश के प्रत्येक किसान को एक 11 अंकों की एक यूनिक आईडी (विशिष्ट किसान आईडी) आवंटित की जाएगी, जिससे किसान डिजिटल रूप से अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे।

इस दौरान उन्होंने शिविरों में अब तक हुए पंजीकरण की जानकारी लेते हुए शिविर प्रभारियों को निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने राजस्व ग्रामों के लक्ष्यानुरूप पीएम किसान सम्मान निधि योजना के समस्त किसानों का पंजीकरण करने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार व व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान विधायक कोटपूतली श्री हंसराज पटेल, प्रभारी सचिव श्रीमती उर्मिला राजौरिया, जिला कलेक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय किसान सम्मेलन में विशेषज्ञों ने रखे विचार,डॉ अतुल गुप्ता ने की विभिन्न मांग




बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर में गोधन को लेकर विशेषज्ञ जुड़े और उन्होंने गोधन आधारित प्रोडक्ट्स को प्रमोट किया। साथ ही डॉक्टर अतुल गुप्ता ने देशभर से आए विशेषज्ञों किसान और अन्य लोगों का आभार जताया और स्वागत किया।

गौरतलब है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में 5000 ह्यद्ग ज़्यादा किसानो, एक्सपर्ट और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

साथ ही राज्यपाल और कई मंत्री शामिल हुए। सभी ने गाए के प्रोडक्ट अपनाने की बात कही।

**देश मैं स्थापित हो गौ आधारित प्राकृतिक कृषि**–डॉ अतुल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय किसान सम्मेलन का मंथन है कि गो आधारित प्राकृतिक कृषि पूरे राजस्थान और देश में स्थापित हो।

प्राकृतिक कृषि बोर्ड का हो गठन ।डॉ अतुल गुप्ता ने कहा कि सरकार और केंद्र सरकार प्राकृतिक कृषि बोर्ड का गठन करें. साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों के हित के बारे में सरकारे सोचे।

हैनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट मिशन सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने बताया कि तीसरे दिन सी. आर. चौधरी (अध्यक्ष–किसान आयोग), संदीप भार्गव (डायरेक्टर –वनशर्ट इंटरनेशनल, नेब्रास्का अमेरिका), कृष्ण चहल (अंतररष्ट्रीय बिज़नेस गाइड – लन्दन, यू के), के. एल. जैन (चेयरमैन– राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स), सुभाष गोयल (अध्यक्ष जयपुर व्यापार संघ, सदस्य– राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार), डॉ. अरुण अग्रवाल (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल – आरएसएस), श्याम बिहारी गुप्ता (अध्यक्ष–गौ सेवा आयोग, उ0 प्र0), संजीव शर्मा (उप कुलपति एवं निदेशक – नेशनल इंस्टीटूट ऑफ़ आयुर्वेद) डॉ. अतुल गुप्ता (चेयरमैन इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एडवांस एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट), डॉ. मागेन्द्र शर्मा (सचिव – विज्ञान भारती), गोपाल भाई सुथारिआ जी (गुजरात), रमेश भाई रूपारेलिया (गुजरात), देवी सिंह भाटी (भाजपा किसान नेता), प्रो. देवेंद्र जलिहल ( गुवाहाटी), प्रो. जे. एन. शर्मा (जम्मू कश्मीर), स्वामी प्रवक्तानन्द (विधायक–पीलीभीत, उ0 प्र0) शामिल हुए।

## सम्पादकीय

# खेलने-कूदने की उम्र में जुर्म, कम उम्र के बच्चे क्यों बढ़ा रहे अपराध की ओर कदम?

दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की हत्या को आए दिन होने वाले अपराधों के तौर पर ही देखा जाएगा। मगर यह घटना एक बार फिर इस बेहद चिंताजनक प्रवृत्ति को रेखांकित करती है कि देश में अब कम उम्र के बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व के विकास की दिशा किस ओर बढ़ चुकी है और अगर इसे तुरंत नहीं थामा गया तो आने वाले वक्त में समाज का स्वरूप कैसा होगा। गौरतलब है कि वजीराबाद में रविवार की शाम को नौवीं के एक छात्र का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी गई और उसके बाद अगले दिन उसके परिवार को फोन करके दस लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने जब मामले की छानबीन शुरू की, तब इसे अंजाम देने के आरोपी तीन किशोर पकड़े गए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से गंभीर अपराधों में भी किशोरों की संलिप्तता के जैसे मामले सामने आ रहे हैं, उसमें यह घटना कोई आश्चर्य नहीं पैदा करती, लेकिन जिस स्तर पर कम उम्र के बच्चों के भीतर आपराधिक प्रवृत्तियों का दायरा फैल रहा है, उसमें यह बेहद चिंता की बात है कि आखिर वे कौन-से कारक हैं जो बच्चों को ऐसी मानसिकता की गिरफ्त में ले रहे हैं। जिस दौर में देश के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, उसमें समाज की बुनियाद रखने वाले किशोर उम्र के बच्चों की जिंदगी किस दिशा में बढ़ रही है। गुजरात के अमरेली जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में 'डेयर गेम' खेलते हुए खुद को चोट पहुंचाने या फिर दस रुपए भुगतान करने की चुनौती देने के बाद पच्चीस बच्चों ने खुद को ब्लेड से घायल कर लिया। इस तरह की सोच का सिरा आगे कहां जाएगा? खुद को नुकसान पहुंचाने या फिर इससे आगे किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिए प्रेरित करने वाली प्रवृत्ति के स्रोत आखिर क्या हैं? कई बार ऐसा लगता है कि मौजूदा दौर में आम जनजीवन में घुल गए या फिर जरूरतों में शामिल हो चुके तकनीकी संसाधन बच्चों के विवेक पर भी हमला कर रहे हैं और उनके भीतर सही-गलत के बारे में सोचने की प्रक्रिया बाधित हो रही है। वरना क्या कारण है कि जिन आधुनिक तकनीकों को विकास का मानक मान लिया जाता है, वही कई बार एक विचित्र सम्मोहन पैदा कर रहे हैं और कई किशोर उससे प्रभावित होकर अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जघन्य अपराध करने से भी नहीं हिचकते। उनके भीतर कानून तक का खौफ नहीं होता। विडंबना यह है कि जिस उम्र में बच्चों के खेलने-पढ़ने और भविष्य की बुनियाद रचने का दौर होता है, उसमें आज ऐसे किशोरों की संख्या में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जो अपने सामने की न केवल नकारात्मक, बल्कि आपराधिक प्रवृत्तियों और घटनाओं से भी प्रभावित हो रहे हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अपने सामने परोसे जा रहे चकाचौंध के बीच वे कल्पनाएं बुनते हैं और कई बार ऐसे अपराधों को भी अंजाम देते हैं, जो उनके मौजूदा और भावी जीवन को तबाह कर देते हैं। कोई वेब सीरीज देखने या वीडियो गेम खेलने के क्रम में बच्चे कब बेलगाम सपनों के संजाल में फंस कर अपराध के दलदल में दाखिल हो जाते हैं। यह पता नहीं चलता। अफसोस की बात यह है कि बच्चों और किशोरों की यह चिंताजनक दशा और दिशा न तो समाज और न ही सरकार की चिंता में शुमार है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 29 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्राजील की पहली राजधानी सल्वाडोर द बहीया की 1549 में नींव डली।
- अकबर ने 1561 में मालवा की राजधानी 'सारंगपुर' पर हमला करके बाजबहादुर को हरा दिया।
- सन 1798 में स्वीट्जरलैंड गणराज्य बना।
- हैती में 1804 में हजारों गोरे लोगों की हत्या की गई।
- भारत में ब्रिटिश शासन के ख़िलाफ़ बंगाल नेटिव इन्फैंट्री विद्रोहों और लंबे समय से चल रहे 1857 के सिपाही स्वतंत्रता संग्राम में सिपाही मंगल पांडे स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाने गये।
- ब्रिटिश संसद ने 1867 में कनाडा के गठन के लिए उत्तरी अमेरिका अधिनियम पारित किया।
- ऑस्ट्रेलिया में 1901 में पहला संघीय चुनाव हुआ।
- अमेरिका में जैक बेनी ने 1932 में पहली बार रेडियो पर अपने कार्यक्रम की शुरुआत की।
- स्वतंत्रता सेनानी एवं नेता लक्ष्मण नायक को 1943 में बरहामपुर की जेल में फांसी पर लटका दिया गया।
- तेनजिंग नोर्गे तथा हिलैरी द्वारा 1953 में विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर विजय।
- भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का 1954 में उद्घाटन किया गया।
- तेलुगु देशम पार्टी का एन. टी. रामाराव के द्वारा 1982 में गठन हुआ।
- हिमालय की तलहटी में 1999 में आये जबरदस्त भूकंप में तक़रीबन 90 लोगों की मौत हो गई।
- अमेरिकी शेयर इंडेक्स डाऊ जोंस 1999 में पहली बार 10000 अंक के पार गया।
- आयरलैंड 2004 में कार्यस्थलों पर धूम्रपान प्रतिबंधित करने वाला पहला देश बना।
- दुनिया के 370 शहरों ने 2008 में पहली बार ऊर्जा बचत करने के लिए अर्थ आवर मनाने की शुरूआत की।
- मास्को मेट्रो ट्रेन में 2010 में दो आत्मघाती हमले हुए उसमें तक़रीबन 40 की जान गयी।
- इंग्लैंड एण्ड वेल्स में 2014 में पहला समलैंगिक विवाह आयोजित किया गया।

### 29 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखक भवानी प्रसाद का 1913 में आज ही के दिन जन्म हुआ।
- दिल्ली के उपराज्यपाल तथा त्रिपुरा, गोवा और उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल रोमेश भंडारी का 1928 में जन्म हुआ।
- भारतीय फिल्म अभिनेता उत्पल दत्त का 1929 में जन्म हुआ।

# क्या सचमुच सिमट रही है दामन की प्रतिष्ठा?



प्रियंका सौरभ

**समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले 'दामन' केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मर्यादा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। पारंपरिक वस्त्रों–साड़ी, घाघरा, अनारकली–को महिलाओं की गरिमा से जोड़ा जाता था। 'दामन की प्रतिष्ठा' अब भी बनी हुई है, परंतु उसकी परिभाषा बदल चुकी है। परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। क्या छोटे वस्त्र संस्कारों का ह्रास हैं, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या स्त्री का सम्मान उसके पहनावे से तय होना चाहिए, या फिर उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता अधिक महत्वपूर्ण हैं?**

समय की करवटों ने जब फैशन के रेशों को बुना, तब परिधान भी परिवर्तनों की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए। परंतु क्या इस बदलाव ने 'दामन की प्रतिष्ठा' को भी प्रभावित किया है? क्या आधुनिक वस्त्रों ने पारंपरिक गरिमा को बिसरा दिया, या फिर समाज की दृष्टि अब और व्यापक हो चली है? समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले दामन केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मर्यादा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। क्या हम ये कह सकते है कि जैसे-जैसे दामन छोटा हुआ वैसे-वैसे मर्यादा और संस्कृति भी घटती गई।

**पारंपरिक दामन: गरिमा का प्रतीक :** दामन केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, यह मर्यादा का आँचल, संस्कृति की पहचान और शालीनता की परिधि रहा है। भारतीय नारी के परिधान—साड़ी, घाघरा, अनारकली और दुपट्टा—न केवल उसके सौंदर्य को सँवारते थे, बल्कि उसकी गरिमा और मर्यादा का भी पर्याय बने। पहले 52 गज़ के दामन का अर्थ भव्यता, शालीनता और गौरव से लिया जाता था। दामन संभालना मात्र वस्त्रों का सहेजना नहीं, बल्कि अपनी प्रतिष्ठा और चारित्रिक दृढ़ता को बचाए रखना भी था। समाज ने मर्यादा को बाह्य आवरण में समेट दिया, जिससे व्यक्तित्व का आकलन केवल परिधानों से होने लगा।

**बदलते परिधान, बदलती परिभाषाएँ :** समय अपनी गति से प्रवाहमान रहा, और उसके साथ समाज की सोच भी विस्तारित होती चली गई। अब वह समय नहीं, जब गरिमा की परिभाषा केवल कपड़ों की सिलवटों में समेट दी जाती थी। आज महिलाएँ अपने आत्मविश्वास की उड़ान को चुन रही हैं—जींस, टॉप, स्कर्ट, फॉर्मल सूट और इंडो-वेस्टर्न परिधानों के साथ। परिधान अब मात्र देह को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और विचारों की अभिव्यक्ति का स्वरूप बन गए हैं। परंपरा और आधुनिकता के ताने-बाने से एक नया फ्यूज़न जन्म ले चुका है, जो संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करता है। गरिमा अब वस्त्रों की परिधि में सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और व्यवहार में प्रतिबिंबित होती है।

**क्या आधुनिकता ने दामन की प्रतिष्ठा को धूमिल किया :** यह एक जटिल प्रश्न है, जिसकी गूँज समय और समाज दोनों में सुनी जा सकती है। क्या वस्त्रों का लघु होना संस्कारों का ह्रास है, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या किसी स्त्री का सम्मान उसके पहनावे तक सीमित रहना चाहिए? क्या उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता उससे अधिक मूल्यवान नहीं? क्या परिधान की लंबाई उसके विचारों की ऊँचाई से अधिक महत्त्व रखती है? कुछ का मत है कि आधुनिकता ने संस्कृति को धूमिल किया, परंतु अन्य इसे आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में देखते हैं। वास्तविकता यह है कि गरिमा बाह्य आवरण में नहीं, बल्कि आचरण और आत्मसम्मान में होती है।

**समाज का नजरिया और स्त्रियों की स्वतंत्रता :** अब भी कई स्थानों पर परिधानों को लेकर परंपरा की बेड़ियाँ जकड़ी हुई हैं। ऐसे वस्त्र मत पहनो, लोग क्या कहेंगे? जैसे शब्द आज भी अनगिनत घरों की दीवारों से टकराते हैं। कपड़ों से संस्कार झलकते हैं! लड़की हो, थोड़ा सभ्य कपड़े पहनो! ऐसे खुले विचार नहीं, यह हमारी संस्कृति नहीं! परंतु क्या परिधान ही संस्कारों की कसौटी है? समाज को इस सोच से आगे बढ़ना होगा कि स्त्रियों की मर्यादा वस्त्रों से नहीं, उनके विचारों से आँकी जानी चाहिए। समय के प्रवाह में समाज ने अनेक रूप बदले हैं, परंतु स्त्रियों की स्वतंत्रता को लेकर उसकी सोच अब भी दो ध्रुवों में बँटी हुई प्रतीत होती है। एक ओर आधुनिकता की लहर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बना रही है, तो दूसरी ओर परंपरा की जड़ें अब भी उनकी उड़ान में अवरोध उत्पन्न करती हैं। सवाल यह उठता है—क्या स्त्री सचमुच स्वतंत्र हुई है, या यह केवल एक भ्रम है?

**संस्कृति और स्वतंत्रता:संतुलन आवश्यक है :** दामन की प्रतिष्ठा अब भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा ने एक नया रूप धारण कर लिया है। परंपरा हमारी जड़ों से जुड़ी होती है, लेकिन जड़ों को मजबूती देने के लिए शाखाओं का फैलना भी जरूरी है। संस्कृति को आधुनिकता के साथ संतुलित करना आवश्यक है। महिलाओं को अपनी इच्छा से परिधान चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। असली गरिमा पहनावे में नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और आत्म-सम्मान में बसती है। समय की सुइयाँ कभी पीछे नहीं दौड़तीं। परिधान बदल सकते हैं, परंतु सम्मान और गरिमा की वास्तविक पहचान व्यक्ति के आचरण और आत्मसम्मान में होती है। दामन की प्रतिष्ठा आज भी जीवंत है, बस उसका अस्तित्व अब कपड़ों की सिलवटों में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के विस्तृत आकाश में देखा जाता है। कई बार जब दामन की प्रतिष्ठा पर चर्चा होती है, तो असल में यह संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन का मामला होता है। परंपराएँ समाज की जड़ों से जुड़ी होती हैं, लेकिन उनका बदलते समय के साथ ढलना भी जरूरी है। महिलाओं को यह अधिकार होना चाहिए कि वे जो पहनना चाहें, पहन सकें, बिना किसी सामाजिक दबाव के। गरिमा और मर्यादा पहनावे से ज्यादा व्यक्ति के व्यवहार, सोच और कृत्यों में झलकती है।

# अशांत पड़ोसियों के बीच समृद्धि की ओर बढ़ता भारत



रामस्वरूप रावतसरे

**भारत के पड़ोस में इन दिनों हालात बेहद गंभीर है। श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान गहरे राजनीतिक और आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इनके बीच भारत की स्थिर और सुरक्षित स्थिति एक बार फिर साबित करती है कि देश में लोकतांत्रिक जड़े कितनी मजबूत हैं। जबकि भारत के पड़ोसियों की बस** पाकिस्तान की हालत सबसे खराब है। इसकी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है वहीं बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आवाजें जोर पकड़ रही हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे चरमपंथी संगठन सीधे सरकार को चुनौती दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के सबसे बड़े इस प्रांत में चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया है अगर इस प्रांत में हिंसा बढ़ती है तो बीजिंग अपने कदम खींच सकता है जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा झटका होगा। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जनाक्रोश देखने को मिल रहा है। यहां पिछले कई दिनों से प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। बताया जा रहा है कि लोग सिंधु नदी पर बन रही है 6 नहर परियोजनाओं का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि ये नहरें सिंध को उसके पानी से हमेशा के लिए वंचित कर देगी। पाकिस्तान में राजनीतिक स्तर पर भी हो रहे बंद, आन्दोलनों के कारण अर्थ व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है। इन सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पाकिस्तान अपनी अखंडता को सुरक्षित रख पाएगा। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय बांग्लादेश के अस्थिर हालात है। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना की सत्ता जाने के बाद से देश का लोकतांत्रिक ढांचा चरमरा गया है। वहां की अर्थव्यवस्था रसातल की ओर जा रही है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार लगभग हर मोर्चे पर नाकाम हो रही है। अल्पसंख्यक समुदायों पर लगातार हमले हो रहे हैं, देश में कट्टरपंथी ताकतें मजबूत हो रही हैं, महिला और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर यूएन समेत कई अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं चिंता जता चुकी हैं। बांग्लादेष में राजनीतिक अस्थिरता के चलते हो रहे उपद्रवों के कारण वहां के उधोग धन्धों बंद हो रहे है। बांग्लादेष के आंतरिक हालातों से लगता है कि उसकी स्थिति पाकिस्तान से भी बदतर होने वाली है। अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के रिश्ते सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। पाक-अफगान बॉर्डर पर हालात अत्यधिक तनावपूर्ण हैं। करीब 26 दिन तक बंद रहने के बाद तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग हाल ही में खुली है। हालांकि हालात बेहतर होते नहीं दिख रहे। 24 मार्च को पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने 16 अफगानिस्तानी घुसपैठियों का मार गिराया है। इस्लामाबाद की सबसे बड़ी चुनौती तहरीके-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले जारी है। पाकिस्तान अफगानिस्तानी पर टीटीपी को संरक्षण देने का आरोप लगाता रहा है जबकि अफगानिस्तानी इससे इनकार करता रहा है। अफगानिस्तान में लोगों को तालिबान शासन के तहत उनके बुनियादी अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है खासतौर पर महिलाओं को। कुछ दिन पहले यूनीसेफ ने कहा था कि अफगानिस्तान में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही लड़कियों की माध्यमिक शिक्षा पर प्रतिबंध की शुरुआत के तीन साल पूरे हो गए हैं। यह निर्णय लाखों अफगान लड़कियों के भविष्य को नुकसान पहुंचा रहा है। यदि यह प्रतिबंध 2030 तक जारी रहता है, तो चार मिलियन से अधिक लड़कियां प्राइमरी स्कूल से आगे की शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित हो जाएंगी।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

**नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं**

मुकेश कुमार जैन सुपुत्र श्री रामअवतार जैन बहाला वाले, 5 जुलाई सन 1969 को जन्मे निवासी अपनाघर शालीमार मुकेश जी धार्मिक अभिव्यक्ति के इंसान हैं। बी काम, एम ए राजस्थान यूनिवर्सिटी अलवर से शिक्षा ली। स्व.दादाजी भगवान सहाय जैन स्टांप वेंडर और पिताजी भी स्टांप वेंडर के कार्य से अब रिटायर्ड हुए जिन्होंने लगभग 50 वर्ष स्टांप सेल किए । शिक्षा के बीच में ही परिवार की स्थिति के मद्देनजर 1993 में पढ़ाई के साथ साथ 40 रु.प्रति दिन की नौकरी से भविष्य की शुरुआत की। इसके पश्चात नौकरी छोड़ 2009 में अपना मिनरल एवं केमिकल्स का व्यवसाय शुरू किया । अपनी मेहनत लगन से सफल व्यवसाय की स्थापना के साथ साथ समाज में अपनी पहचान बनाई । बच्चों को शिक्षा के साथ साथ जैन धर्म और संस्कार की शिक्षा दे रहे है । अपनाघर शालीमार जैन परिवारों को एकता के सूत्र में बांधकर विशाल भव्य जैन मंदिर के निर्माण में सहयोगी बने साथ ही करोना काल में 45 दिनों तक सोसायटी और अन्य बंधुओं के सहयोग से भोजन व्यवस्था, बेजुबान पशुओं और पक्षियों को चुग्गा पानी की व्यवस्था रखी । करोना में किए गए सेवा कार्य से जिला कलेक्टर, एवं अलग अलग सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मान मिला । पूरी सोसायटी को लॉर्ड्स क्लोरो एवं अशोक सैनी जी के सहयोग से कई बार सेनेटाइज कराया जिससे लोगों में भय कम रहे ।

कोरोना में जब लोग घर से बाहर निकलने में डरते थे उस समय खुद हॉस्पिटल में चिर परिचितों के साथ उनको स्वयं जाकर भर्ती कराना, ऑक्सीजन, भोजन, दवाई, आदि की व्यवस्था में सहयोग । शालीमार में जैन समाज की तरक्की के और धर्म के लिए समर्पित में इस समय एक संत भवन का प्रोजेक्ट जो कि मात्र कुछ ही महीनों में तैयार हो जाएगा में तन मन से लगे रहना। दो बच्चे एक बिटिया एमबीए फाइनल में और उसका पढ़ाई पूरी से पहले ही एक बड़ी कंपनी में प्लेसमेंट हुआ बेटा सी एफ ए की पढ़ाई कर रहा है । कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए, भगवान वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर के मंत्री, भारतीय जैन मिलन, श्री श्याम परिवार सेवा समिति, की लाइन टाइम्स दिल्ली, आर डब्लू ए अपनाघर शालीमार में सलाहकार हैं।



**मुकेश कुमार जैन**
**( मंत्री शालीमार जैन मंदिर )**

विचार जो साकार करते है : सामाजिक सेवा तभी अच्छी लगती है जब आप अपने परिवार को समाज को एक सूत्र में जोड़े रखे और आज परिवार और शालीमार जैन समाज संगठित ही नहीं एक अपनी अलग पहचान रखता है । टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है ।

रूपक शर्मा

## 2025_083
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 2 | | |
| 8 | 3 | 2 | 6 | | 9 | | | |
| 5 | 9 | | | 7 | 2 | | | |
| 3 | 7 | | 4 | | | | | 5 |
| 4 | | 5 | | | | 7 | | 9 |
| | 8 | | 2 | | 7 | 3 | | |
| 6 | 1 | | | | 3 | | | 2 |
| 2 | | 3 | 1 | | | | | 8 |
| | 4 | 8 | 7 | | 5 | 6 | 3 | |

**Ans_2025_082**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 8 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 5 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 5 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धन हानि हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम रखें। आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने का योग बन रहा है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे।

**वृष**
लंबी यात्रा और किसी धार्मिक स्थल पर जाने कार्यक्रम बन सकता है। लेखन कार्य एवं बौद्धिक क्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे। विदेश से मित्रों और स्नेहीजनों के समाचार मिलने से आनंद की प्राप्ति होगी। शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**मिथुन**
आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें। खर्च के बढ़ जाने से आर्थिक संकट भी खड़ा हो सकता है।

**कर्क**
अति महत्वपूर्ण निर्णय अभी टाल दें, तो बेहतर होगा। अधिकतर समय किन्हीं विचारों में आप खोए रहेंगे। व्यापार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। आवश्यक कारणों के पीछे धन खर्च होगा।

**सिंह**
आज मन में किसी बात की उलझन रहेगी। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। परिजनों से मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च हो सकता है। मन में किसी के प्रति कोई दुर्भावना हो, तो आज उसे दूर करें।

**कन्या**
आज संभव हो, तो प्रवास को टालें। लेखक, कलाकार एवं सलाहकारों के लिए दिन बहुत अनुकूल है। किसी नए काम की शुरुआत आज बिल्कुल ना करें। आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा।

**तुला**
आज आप का दिन शुभ फलदायी होगा। विचारों में अति शीघ्र परिवर्तन आने की वजह से महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में थोड़ी दिक्कत होगी। व्यापार या नौकरी के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। लेखन कार्य के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक**
किसी भी महिला के साथ विवाद में न उतरें। परिजनों के साथ शाम का समय अच्छा गुजर सकता है। आज आपको मन को स्थिर बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। समझौतावादी प्रवृत्ति रखने से आपको नुकसान नहीं होगा।

**धनु**
आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। धन का अधिक व्यय न हो, इसका ध्यान रखें। उपहार मिलने से मन आनंदित होगा। नेगेटिव विचारों को मन में न आने दें।

**मकर**
साझेदारी से लाभ होने की संभावना है। घर-परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा, इससे आपका मन खुश रहेगा। आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे।

**कुंभ**
व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति का योग बन रहा है। परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। नौकरी और व्यापार में सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन**
आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। मनोरंजन के प्रसंग से आपका मन खुश रहेगा। नए मित्रों के मिलने से आपको आनंद मिलेगा। मित्रों के साथ प्रवास, पर्यटन का आयोजन हो सकता है। लेखन कार्य के लिए दिन बहुत अनुकूल है।धन के लेन-देन में सरलता रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन

# पत्रकारों को हेल्थ कवरेज आरजेएचएस की मिली सौगात

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा से राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअल जुड़े। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने सुशासन के जरिये प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। समारोह में शर्मा ने फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन, हरित अरावली विकास परियोजना एवं राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार के दिशा-निर्देश जारी किए। साथ ही, प्रत्येक जिले की



पंचगौरव बुकलेट पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को हेल्थ कवरेज योजना की सौगात दी तथा ई-उपचार ऐप लांच किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, नगर परिषद आयुक्त हुक्मीचंद रोहलानिया, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोंक जिले से संबंधित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके तहत ऊर्जा विभाग के तहत 2 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से बने 33/11 केवी सब स्टेशन स्यावता (दूनी), प्रधानमंत्री कुसुम योजना-ए में 1 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से 33/11 केवी स्टेशन डांगरथल के पास 0.50 मेगावाट सौलर संयंत्र की स्थापना, 132/33 केवी (25-12.5) एमवीए ट्रांसफार्मर का लोकापर्ण किया। इसके साथ ही, 8 करोड़ की लागत से जिला मुख्यालय पर बने मल्टीपरपज इंडोर हॉल तथा 4 करोड़ 50 लाख की राशि से बने राजकीय कन्या महाविद्यालय अलीगढ़ का लोकपर्ण किया। शर्मा ने 3 करोड़ 15 लाख की लागत से महिला पुलिस थाना टोंक के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य, 1 करोड़ 10 की राशि से टोंक बस स्टैंड मरम्मत, अनुरक्षण व जनसुविधा विकास कार्य तथा 35 लाख रुपये से किये जाने वाले कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी के दौरे को लेकर बीजेपी व अधिकारी तैयारियों में जुटे

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी/सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आगामी दो अप्रेल को गंगापुरसिटी में प्रस्तावित उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के दौरे को देखते हुए भाजपा के साथ अधिकारी भी तैयारियों में जुट गए हैं। राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से किस प्रकार लोगों को लाभ मिला है। इसकी उपलिब्धयां गिनाने तथा क्षेत्र में विभागों की ओर से किए गए नवाचारों को डिप्टी सीएम के समक्ष प्रदर्शित किया जाएगा। इसे लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष तथा पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक की। इसमें बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्वयन रिपोर्ट और बजट घोषणा 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रस्तावित गंगापुर सिटी दौरे की तैयारियों को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

## विकास एवं सुशासन उत्सव में 10 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

# पत्रकारों को हेल्थ कवरेज 'आरजेएचएस' की मिली सौगात



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को भीलवाड़ा से राज्य स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव में विभिन्न जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअल जुड़े। जिला स्तरीय कार्यक्रम रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने सुशासन के जरिये प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

आयोजन में शर्मा द्वारा डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया के सरलीकरण के आदेश, नए जिलों में डीएमएफटी के गठन के आदेश, राजस्थान सर्कुलर इकॉनॉमी इन्सेन्टिव स्कीम के दिशा-निर्देश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के दिशा-निर्देश, हरित अरावली विकास परियोजना एवं अन्नपूर्णा भण्डार के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही प्रत्येक जिले की पंचगौरव बुकलेट भी जारी की। विशेष रूप से मुख्यमंत्री शर्मा पत्रकारों की हेल्थ कवरेज योजना (आरजेएचएस) का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा सब रजिस्ट्रार कार्यालय का समय सप्ताह में 2 दिन सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक करने के दिशा-निर्देश जारी करने के साथ ही राजस्थान सम्पर्क 2.0 पोर्टल का शुभारम्भ एवं चिकित्सा ऐप भी लॉन्च किया तथा ई-गवर्नेंस अवार्ड भी प्रदान किए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने उपस्थित लाभार्थियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रदेश के विकास, खुशहाली, आत्मनिर्भरता और समृद्धि के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा, जिला कलक्टर, सहायक कलक्टर रूबी अंसार ने लाभार्थी मनीषा राठोर निवासी जटवाड़ा खुर्द, राजबाई, राजेश, शंकर लाल एवं निर्मला निवासी बम्बौरी तथा गणपत लाल नाई निवासी खेरदा, चेतन जाट निवासी ठींगला एवं रामधन निवासी जीनापुर को पट्टे वितरित किए।

# प्रभारी मंत्री ने किया मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

## मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांची, सुधार के दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्यमंत्री, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने गत दिवस ठींगला में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के मॉडल को देखकर ब्लॉक वाइज जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज के बाद उन्होंने निर्माणाधीन जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया।



जिला प्रभारी मंत्री ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता एवं कार्य प्रगति की जांच करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण में गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य इमारत में दीवारों में दरार एवं सीलन देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए दरारें व सीलन को मरम्मत करवाकर एक माह में दुरूस्त करवाने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य द्वार पर ग्रेनाईट की क्षतिग्रस्त सीढ़ी व प्रवेश हॉल का फर्श की ग्रेनाईट सही ढंग से पुन: लगवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी लैब से करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने भवन निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग के लिए उपखंड अधिकारी अनूप सिंह की अध्यक्षता में गठित निगरानी उप समिति के माध्यम से मुख्य इमारत के अंदर प्रत्येक ब्लॉक में लैब, लैक्चर थियेटर, बालक-बालिका छात्रावास, लाईब्रेरी, रेजिडेन्स हॉस्टल, प्रिंसिपल निवास, 300 बेड के निर्माण हॉस्पिटल के प्रत्येक फ्लोर पर निर्माण कार्यो की गुणवत्ता व निर्धारित मापदण्डों की बारीकी से जांच कर सभी ब्लॉक में कमियों की सूची तैयार कर प्रभारी मंत्री कार्यालय एवं जिला कलक्टर को भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीणा द्वारा मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करवाने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल कार्य शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समयावधि में करवाने के निर्देश जिला कलक्टर शुभम चौधरी को प्रदान किए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ,उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर अनूप सिंह, नोडल अधिकारी मेडिकल कॉलेज डॉ. महेश मीणा, अधिशासी अभियंता राकेश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगरपालिकाओं की सीमाऐं तय हुई : मालपुरा की जनसंख्या 29295 से बढ़कर अब हुई 52105, वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** स्वायत शासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर नगरपालिका मालपुरा सहित नवगठित लाम्बाहरिसिंह की सीमाऐं तय कर दी गई हैं। स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नगरपालिका मालपुरा की सीमा विस्तार कर इसमें गाम पंचायत बृजलालनगर के ग्राम बृजलालनगर एवं सदरपुरा का सम्पूर्ण क्षेत्र, ग्राम पंचायत राजपुरा के राजस्व ग्राम हाथकी का सम्पूर्ण क्षैत्र, ग्राम पंचायत सिंधोलिया के राजस्व ग्राम दौराई, महाराजुपुरा उर्फ तितरिया का सम्पूर्ण क्षेत्र,ग्राम पंचायत रीण्डलिया बुजुर्ग के राजस्व ग्राम धानोता, कल्याणपुरा, रीण्डलिया बुजुर्ग, गोलीपुरा, एवं पिमूण का क्षेत्र, ग्राम पंचायत टोरड़ी के राजस्व ग्राम अम्बापुरा मय सभी ढाणियो का सम्पूर्ण क्षेत्र, ग्राम पंचायत डूंगरीकला के राजस्व ग्राम अजमेरो की ढाणी,जाजमो की ढाणी, का सम्पूर्ण क्षेत्र, ग्राम पंचायत चांदसेन के राजस्व ग्राम मालपुरा का सम्पूर्ण सीमा क्षैत्र,ग्राम पंचायत देशमां के राजस्व ग्राम पीनणी, लक्ष्मीपुरा एवं श्योपुर का सम्पूर्ण सीमा क्षैत्र, ग्राम पंचायत मेहरू के राजस्वग्राम रामेश्वरपुरा का सम्पूर्ण सीमाक्षैत्र नगरपालिका मालपुरा की सीमा में शामिल किया गया है। इस क्षेत्र के शामिल किए जाने से बाद वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल 22 हजार 810 नगरपालिका मालपुरा में ओर जुड़ गई है।

वहीं इस विस्तार के बाद नगरपालिका मालपुरा की अब तक की जनसंख्या 29 हजार 295 में 22 हजार 810 ओर जुड़कर वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अब नगरपालिका क्षैत्र मालपुरा की जनसंख्या बढ़ कर 52 हजार 105 हो गई है। इसके अलावा स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी एक अन्य अधिसूचना में नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका में बूढ़ा देवल ग्राम पंचायत का सम्पूर्ण क्षेत्र शामिल कर लिया गया है।



# जमात-उल विदा की नमाज में उमड़े नमाजी काली पट्टी बांध कर अदा की नमाज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा के गांधी पार्क के नजदीक स्थित जामा मस्जिद में पवित्र रमजान माहे के अन्तिम शुक्रवार को जमात-उल विदा की नमाज में भारी संख्या में नमाजियो ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर अमन चेन शांति की दुआ मांगी।

जमातुलविदा की नमाज होने के चलते जामा मस्जिद के अन्दर व बाहर नमाजियो का जमावड़ा दोपहर एक बजे के पूर्व से ही होने लगा। जैसे जैसे नमाज का समय नजदीक आया भारी संख्या में नमाजी आने लगे। इस दौरान आने वाले नमाजी जहां जगह मिली उसी जगह पर बैठ गए। जैसे ही नमाज का समय हुआ। इस दौरान शहर काजी वकार अहमद साहब की अगुवाई में भारी संख्या में उमड़े नमाजियो ने एक साथ नमाज अदा क अमन चेन शांति की दुआ मांगी। इधर ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के आव्हान पर कई नमाजी बलाई काली पट्टी बांध कर भी नमाज अदा की।

वैसे इस आव्हान का नमाजियो में आशिंक असर दिखाई दिया। वहीं जुमातुलविदा की नमाज होने के चलते समूचा पुलिस प्रशासल अलर्ट मोड पर रहा। जामा मस्जिद पर आने वाले सभी रास्तो पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। साथ जामा मस्जिद के आसपास भी पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजुद रहे।

# ग्राम विकास अधिकारियो ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की मालपुरा शाखा द्वारा शुक्रवार को विभागीय मंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी को सौंप कर संघ की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर स्वीकार करने की मांग की गई है।

संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी के नेतृत्व में ग्राम विकास अधिकारियो के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के सर्वे एवं पात्रता की जांच के लिए ग्राम विकास अधिकारी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। योजना में वास्तवित पात्रो का चयन किया जाकर वास्तविक पात्रो को ही लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश संगठन की ओर से कुछ सुझाव दिए गए थे। इन सुझावो पर सरकार को अमल कर ग्राम विकास अधिकारियो की इस संबंध में जिम्मेदारी कुछ करने की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वहीं योजना के अपात्रता की जांच के लिए अन्य विभागो की भी जिम्मेदारी तय की जाए। जिससे अपात्र होने वाले लोगो के लिए केवल ग्राम विकास अधिकारी ही जिम्मेदार नहीं बने। ज्ञापन देते समय पंचायत समिति मालपुरा क्षेत्र के सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजुद रहे।





## प्रभातफेरी निकाली

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में तीन दिवसीय चेटीचण्ड महोत्सव के प्रथम दिन शुक्रवार को प्रभातफेरी निकाली गई। पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष डॉ. अर्जुन दास ने बताया कि चेटीचेण्ड महोत्सव के प्रथम दिन पंचायत की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई। यह प्रभातफेरी झूलेलाल भगवान के मन्दिर से प्रारम्भ होकर शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर वापस मन्दिर प्रागंण पहुंच कर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में शनिवार को वाहन रैली निकाली जाएगी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने उपकारागृह गंगापुर सिटी का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने शुक्रवार को उपकारागृह गंगापुर सिटी का मासिक निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने मौके पर उपस्थित जेलर सुखवीर सिंह से उपकारागृह में बंदियों की संख्या, प्रथम बार अपराध करने वाले बंदियों के नाम, पता एवं उनकी संख्या, बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की। साथ ही कारागृह परिसर एवं बैरकों की साफ-सफाई के संबंध में जांच की गई। जांच के दौरान उप कारागृह परिसर में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। जेलर सुखवीर सिंह द्वारा जाहिर किया गया कि उप कारागृह परिसर में साफ-



सफाई हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई भी सफाई कर्मचारी नियुक्त नहीं कर रखा है, ना ही नगर परिषद द्वारा उप कारागृह परिसर में साफ-सफाई करवाई जाती है। सचिव समीक्षा गौतम ने बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित न्यायालय, परिजनों से बातचीत के समय आदि के संबंध में पूछताछ की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया।

## गर्मी व त्यौहारी सीजन में नींबू के दाम भी चढ़े

# नींबू की 'डबल सेंचुरी', निचौड़ रहा लोगों का रस

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** गर्मी बढ़ने के साथ ही अब नींबू के भावों ने लोगों का रस निचोड़ना शुरू कर दिया है। पिछले एक पखवाड़े में नींबू के दाम तीन गुना बढ़ गए है। स्थिति यह है कि जिले में नींबू के भाव अनार, अंगूर और नारंगी से भी ज्यादा हो गए है। यहां बजरिया सब्जी मण्डी में इन दिनों 200 रुपए किलो की दर से नींबू बिक रहा है। उधर, गर्मी के कारण नींबू की मांग बढ़ गई है और वर्तमान में बाहर शहरो से नींबू मंगाया जा रहा है।

**अनार व अंगूर से भी महंगा बिक रहा नींबू :** बजरिया सब्जी मण्डी में फल विक्रेता लखन ने बताया कि इन दिनों सेब, अंगूर व अनार से भी महंगा नींबू बिक रहा है। इन दिनों अंगूर 70 रुपए किलो, अनार 140 व नारंगी 80 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं, जबकि नींबू के खुदरा भाव 200 रुपए किलो हो गए हैं। नींबू के दाम बढ़ने से अब घरों के अलावा यह होटल व ढाबों



से भी गायब हो गया है। स्थिति ये है कि घर, होटल व ढाबों पर भी सलाद से नींबू (जायका) कम हो गया है। होटल व ढाबा संचालक भी सलाद में नींबू का इस्तेमाल कम ही कर रहे है। वहीं गन्ने के रस, शिकंजी व सब्जियों में भी नींबू का उपयोग कम मात्रा में कर रहे हैं।

**जिले में यहां होती है नींबू की बागवानी :** जिले में मुख्यया नींबू की बागवानी गोठबिहारी, नायपुर, उमरी, लालपुर, बामनबड़ौदा, करमोदा, सूरवालए अजनोटी, जड़ावता सहित कई गांवों में होती है। लेकिन इन गांवों में नींबू की बागवानी सदाबहार नहीं होती है। सीजन में ही नींबू की आवक होती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में अक्सर नींबू कम होता है। ऐसे में जिले की मण्डियों में भी स्थानीय स्तर पर नींबू की आवक नहीं हो पाती है।

**विक्रेताओं की जेब पर बढ़ा बोझ :** गर्मी के मौसम में लोग गर्मी से बचने और शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखने के लिए नींबू, शरबत, शिकंजी, नींबू सोडा जैसे पेय का उपयोग करते हैं। ऐसे में शरबत और शिकंजी विक्रेताओं की जेब पर बोझ बढ़ गया है। अचानक गर्मी बढ़ने के साथ नींबू की मांग बढ़ गई और दूसरी और बाजार में नींबू का स्टॉक घट जाने से दाम में बढ़ोतरी हुई है।

### फैक्ट फाइल...

- जिले में इतने हैक्टेयर में लगे है नींबू के बगीचे-100 हैक्टेयर
- जिले में 300 किसान करते है नींबू की बागवानी
- जिले में हैदराबाद, कोटा व जयपुर से आ रहा नींबू।
- वर्तमान में सब्जी मण्डी में नींबू के दाम-200 रुपए प्रति किलो
- पूर्व में नींबू के दाम 60 रुपए प्रति किलो थे।

राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह

# वन मंत्री संजय शर्मा ने जिले के पंच गौरव कार्यक्रम की पुस्तिका का किया विमोचन

- जिले के 70 करोड रूपये से अधिक के विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण
- जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव का प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की कडी में चौथे दिन शुक्रवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में विकास एवं सुशासन उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम का पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं जिला अध्यक्षअशोक गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया तथा जिले के पंच गौरव कार्यक्रम की पुस्तिका का विमोचन किया।

जिले के पंच गौरवों में एक जिला-एक उत्पाद के रूप में प्याज, एक जिला-एक प्रजाति के रूप में अर्जुन, एक जिला-एक खेल के रूप में कुश्ती, एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में सरिस्का टाईगर रिजर्व एवं एक जिला-एक उत्पाद के रूप में ऑटो मोबाइल पार्ट्स सम्मलित हैं।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण :** भीलवाडा के चित्रकूट धाम स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान-समृद्ध राजस्थान के उद्देश्य को साकार करते हुए प्रदेश में करीब 10 हजार करोड रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। वहीं राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना (आरजेएचएस) का शुभारम्भ किया एवं प्रदेश के सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिकाओं का विमोचन कर ई-उपचार एप को भी लॉन्च किया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय निकायों के सशक्तिकरण के नगरीय विकास विभाग द्वारा डेलीगेशन के आदेश, फायर एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण, रजिस्ट्री अब सप्ताह में 2 दिन प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक, हरित अरावली विकास परियोजना, नये जिलों में डीएमएफटी गठन एवं राशन दुकानों को अन्नपूर्णा भण्डार बनाने के दिशा-निर्देश व आदेश जारी किए।

**जिले के इन विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण :** कार्यक्रम में जिले के चहुंमुखी विकास के लिए 70 करोड 6 लाख 56 हजार रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया, जिनमें 47 करोड 10 लाख 46 हजार रूपये की लागत के 14 कार्यों का शिलान्यास एवं 22 करोड 96 लाख 1 हजार रूपये की लागत के 23 कार्यों का लोकार्पण किया गया। शिलान्यास कार्यों में कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के 18 करोड 58 लाख रूपये की लागत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उमरैण एवं साहडोली में नवीन भवन निर्माण कार्य, उच्च शिक्षा विभाग के 4 करोड 50 लाख रूपये की लागत से राजकीय कन्या महाविद्यालय कठूमर के विकास कार्य, स्कूल शिक्षा विभाग के 1 करोड 35 लाख 14 हजार रूपये की लागत के समसा के तहत विभिन्न विद्यालयों में क्षमता वृद्धि के 6 कार्यों, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के 5 करोड 60 लाख रूपये की लागत के रैणी एवं अलवर में छात्रावास के भवन निर्माण कार्य, परिवहन विभाग के 71 लाख 5 हजार रूपये की लागत के कार्यशाला मरम्मत एवं अनुरक्षण विकास कार्य एवं जलदाय विभाग के 16 करोड 35 लाख 82 हजार रूपये की लागत से थानागाजी के ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता का शहरी जल आपूर्ति एवं स्वच्छता कार्यों में परिवर्तन संबंधी विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। साथ ही अलवर सहित अन्य जिलों के लिए सरकारी भवनों पर रूफटॉफ सौलर संयंत्र स्थापना हेतु 3 हजार करोड रूपये से अधिक के कार्यों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रेणु मिश्रा, प्रदीप पंचौली एवं पूर्णिमा पंचौली ने किया। इस अवसर पर एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, यूआईटी के उप सचिव सोहन सिंह नरूका एवं पं. जलेसिंह, सतीश यादव, आनन्द बेनीवाल, सागर यादव, नरेश धानावत सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## कृषि उपज मण्डी समिति, खैरथल में प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं के तहत पंजीकरण शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा, (मुकेश शर्मा)।** कृषि उपज मण्डी समिति, खैरथल में शुक्रवार को मण्डी यार्ड में कार्यरत अनुज्ञापत्रधारी पल्लेदार, हम्माल और तुलारा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और यूको बैंक के प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान मण्डी सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी और एलडीएम अनुपम नैंथानी ने बीमा योजनाओं के लाभों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर 11 पल्लेदारों ने इन दोनों योजनाओं में पंजीकरण करवाया। मण्डी सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि पल्लेदारों और हम्मालों के जीवन को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इससे पहले, 11 मार्च को आयोजित एक अन्य शिविर में 92 पल्लेदारों ने बीमा योजनाओं में पंजीकरण करवाया था। इन योजनाओं के माध्यम से न्यूनतम प्रीमियम पर बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है, जिससे पल्लेदारों और उनके परिवारों को आकस्मिक घटनाओं से आर्थिक सुरक्षा मिलती है। मण्डी समिति खैरथल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के बीमा शिविरों का आयोजन कराया जाता है।

## कमलेश मिश्रा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** थानागाजी विधायक कांतिलाल मीना एवं टहला कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा की अनुशंसा पर अलवर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कमलेश मिश्रा देवती को जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिला सचिव कमलेश मिश्रा ने पार्टी जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका



पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करुंगा मिश्रा के जिला सचिव नियुक्त होने पर टहला मंडल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

## सरस्वती विद्या मन्दिर की छात्रा ने दिया सौ फीसदी परीक्षा परिणाम



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्यामपुरा स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर की छात्रा ने नवोदय विद्यालय में सलेक्शन पाकर विद्यालय सहित माता -पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रा यशिका पुत्री राजकुमार लूणीवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय के बस एक विद्यार्थी ने ही नवोदय विद्यालय का आवेदन किया था और वह थी मैं स्वयं !जो मेरा सलेक्शन हो गया जिसके लिए मेरे विद्यालय के स्टॉफ को धन्यवाद देती हूँ। मेरे साथ पढ़ रहे मेरे सभी साथी योग्य और होनहार हैं पर उन्होंने नवोदय विद्यालय का आवेदन ही नहीं किया। यदि सभी विद्यार्थियों ने आवेदन किया होता तो हम सब एक ही विद्यालय में रहकर अध्ययन करते तो बात कुछ और ही होती। हम सब विद्यार्थी एक गाँव, एक धर्म और एक ही विद्यालय में साथ - साथ पढ़ाई करने वाले होते तो देश में नहीं बल्कि विदेश में भी हमारे गाँव और विद्यालय का नाम रोशन होता ।

वहीं विद्यालय की निदेशक मंजू शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय की एक ही छात्रा ने नवोदय विद्यालय पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन किया था। जिसमें यशिका की लगन स्टॉफ की मेहनत और परिवार की दुआओं ने दवाई का असर किया और हमारे विद्यालय ने नवोदय विद्यालय पात्रता परीक्षा में सौ फीसदी परीक्षा परिणाम देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय के सभी विद्यार्थी होनहार हैं लेकिन आर्थिक स्थित से कमजोर परिवारों से आते हैं। आर्थिक स्थिती कोई मायना नहीं रखती उससे ऐसो आराम का सामान तो ख़रीदा जा सकता है पर शान्ति और प्रतिभा नहीं। उन्होंने कहा कि यशिका ने अपनी लगन और विद्यालय स्टॉफ परिवार की मेहनत को चार चाँद लगा दिए हैं। मैं यशिका के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ और स्टॉफ का साधुवाद अदा करती हूँ।

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत विकास एवं सुशासन उत्सव आयोजित

# जिला कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को किया चेक का वितरण

**कार्यक्रम में उपस्थित आमजन एवं अधिकारियों ने राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की ली शपथ**

**कार्यक्रम के दौरान काव्या स्वयं सहायता समूह को दिया 5 लाख रूपये का चेक**

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,(मुकेश शर्मा)।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शुक्रवार को विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में चित्रकूट धाम स्टेडियम, भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल तिजारा के सभागार में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक किशनगढ़बास रामहेत सिंह यादव, जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलई, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, नगर परिषद उपसभापति वरुण डाटा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, आमजन एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं आमजन को



शपथ दिलवाई गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित प्रारूप अनुसार राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की शपथ ली।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण :** इस अवसर पर भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। विकास एवं सुशासन उत्सव में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने लगभग 10000 करोड रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया साथ ही राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना, सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका एवं ई-उपचार एप का शुभारंभ एवं विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निकायों का सशक्तिकरण, हरित अरावली विकास परियोजना, फायर एनओसी प्रक्रिया का सरलीकरण, नए जिलों में डीएमएफटी का गठन, प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 तक सप्ताह में 2 दिन रजिस्ट्री तथा राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भंडार के संबंध में दिशा निर्देश भी जारी किए।

**जिला कलेक्टर द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चैक वितरण**

इस दौरान आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट द्वारा नगर निकाय विभाग द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के तहत गणेशी राम को 10000 हजार रूपये, निर्मला देवी को 20000 हजार रूपये, तन्नू कौर को10000 हजार रूपये, पहलवान सिंह को 10000 हजार रूपये, केशव कुमार को 10000 हजार रूपये के चेक वितरित किए।

## राजस्थान की महान परंपरा के सम्मान के लिए दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राजस्थान की महान परम्पराओं के सम्मान करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने, महिलाओं, युवाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के सम्मान, अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए कार्य करने, राज्य को सुदृढ़, स्वच्छ,हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के प्रयास करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रो.पी एम मीना, देशराज वर्मा, पी सी मीना, जगफूल मीना, आंचल मीना, मीनाक्षी मीना, रचना जैन, संजय बमणावत, लेखाधिकारी दिनेश शर्मा सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## होम्योपैथिक ऐसी चिकित्सा पद्दित जिसमें असाध्य रोगों का भी ईलाज संभव:माथुर

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपुतली बहरोड़ जिले के बानसूर स्थित ब्लॉक स्तरीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सहित क्षेत्र के संचालित सभी चिकित्सालयों का हुआ औचक निरिक्षण। निरिक्षण के दौरान होम्योपैथिक के सहायक निदेशक ज्ञानेन्द्र माथुर ने कहा कि यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसके द्वारा असाध्य रोगों का ईलाज भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का प्रचार प्रसार हो तो निरोगी भारत की कल्पना हम कर सकते हैं। माथुर ने कहा कि मेरे निरिक्षण के दौरान सभी दस्तावेज सही पाए गए तथा मरीजों की संख्या भी अच्छी पाई गई। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्टॉफ को निर्देशित करता हूँ कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति का प्रचार प्रसार करें और रोगियों की उचित देखभाल कर उनका उपचार करें।

## यदुवंशी एकेडमी में पूरा भारत निवास करता है : यादव प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, दिए प्रशस्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित यदुवंशी एकेडमी के प्रतिभावान विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर बोलते हुए राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष विनोदपाल यादव ने कहा कि यहाँ मिन्नी इण्डिया की झांकी मुझे यहाँ मिली। बानसूर स्थित यदुवंशी एकेडमी में देश के विभिन्न प्रदेशों से आकर अध्ययन कर रहे हैं जो एक अच्छा प्रदर्शन है मैं एकेडमी के स्टॉफ और विद्यार्थियों को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मुझे बानसूर में ही भारत के दर्शन करा दिए। मैं विद्यार्थियों और यदुवंशी एकेडमी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। इस संस्थान के विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय में जो परचम फहराया है उसके लिए धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि यहाँ सही मायने में भारत के उज्जवल भविष्य का निर्माण हो रहा है। वहीं संस्थान के निदेशक संजय यादव ने कहा कि संस्थान की स्थापना के 8वर्षों में स्टॉफ की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन से 4प्लस विद्यार्थियों का सलेक्शन नवोदय और सैनिक विद्यालय में संस्थान ने दिए हैं। प्रत्येक दो वर्ष में चयनित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। उसी सन्दर्भ में शुक्रवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उधर चेयरमैन पियूष यादव ने बताया कि टेलेंट सर्च एग्जाम में पास आउट विद्यार्थियों, नवोदय, सैनिक विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया था।शुक्रवार को 81विद्यार्थी जो नवोदय व सैनिक स्कूल में चयनित हुए थे उनका तथा उसके अलावा टेलेंट सर्च परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया गया है जो प्रत्येक दो वर्ष बाद किया जाता है।

इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत, रामसिंह यादव, राजकुमार, संदीप, सत्यवीर, अभिमन्यु, दिनेश, नवीन, राकेश, मनोज,पियूष, संजय, सुनीता व देशराज सहित काफ़ी संख्या में अभिभावक, विद्यार्थी और स्टॉफ मौजूद रहा।

## दायमा बने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के राजस्थान स्टेट कोऑर्डिनेटर

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में युवा नेतृत्व को मजबूती देने और ओबीसी समाज की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए बानसूर विधानसभा क्षेत्र के गांव चतरपुरा निवासी युवा नेता राकेश दायमा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ का स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक भारत तोंगर द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से की गई।अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए राकेश दायमा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी , कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एआईसीसी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट , नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली , प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में साथी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग से पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने काम करेंगे।

## रंग मंच दिवस पर पंचायती पुस्तकालय में किया संगोष्ठी का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर(राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के पंचायती पुस्तकालय भवन में गुरुवार शाम को रंग मंच दिवस के अवसर पर नाट्य एवं कला पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंगकर्मी कैलाश बिहारी शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र शर्मा द्वारा रंग मंच दिवस मना कर रंगकर्मियों का सम्मान किया गया ।कार्यक्रम के दौरान वक्ता खेम सिंह आर्य, वीरेन्द्र दाधीच, जगत राठिया, मुरारी लाल शास्त्री, कला संगम के अध्यक्ष बिजेंद्र अवस्थी ने अपने विचार रखें। बाल कला संगम के कलाकार सुरेन्द्र चौधरी, सुभाष कश्यप ने अपनी कला का प्रदर्शन कर उपस्थिति लोगों का मन मोहा। इस अवसर पर पुस्तकालय के सचिव जगमोहन शर्मा, लोकेश रावत, सनातन सभा के अध्यक्ष अमरचंद सिद्ध, कला संगम के कलाकार एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## महाराणा सांगा के अपमान को लेकर सांसद का फूंका पुतला

बढ़ता राजस्थान



बानसूर(धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित एडीजे कार्यालय के सामने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह के नेतृत्व में महाराणा सांगा के सम्मान में समाजवादी पार्टी के सांसद का पुतला फूका गया। यह पुतला एडीजे कोर्ट के सामने दहन किया गया तथा राणा सांगा अमर रहे!सपा सांसद मुर्दाबाद के नारे लगे। इस मौके पर श्री राष्ट्रीय करणी सेना जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा के सांसद जिन्होंने राणा सांगा को गद्दार कहा है सही मायने में तो वे स्वयं गद्दार हैं। उन्होंने कहा कि ज़ब तक सपा सांसद को लोकसभा की सदस्यता से निलंबित नहीं किया जाता श्री राजपूत करणी सेना के कार्यकर्त्ता चैन की नींद नहीं लेंगे।

# नांता क्षेत्र में बनाए जा रहे घटिया स्पीड ब्रेकर, बनाने के साथ ही उखड़ने लगे, दुर्घटनाओं की आशंका

- क्षेत्रीय दुकानदारों ने बताई समस्या, घटिया सामग्री तथा मानकों के विरुद्ध निर्माण का लगाया आरोप
- ठेकेदार से उसका पक्ष लेना चाहा तो उसने हम पर ही लगा दिया ब्लेकमैलिंग का आरोप





बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला प्रशासन की ओर से शहर की टूटी हुई सड़कों की मरम्मत व निर्माण के साथ इन पर स्पीड ब्रेकर भी बनवाए जा रहे हैं। करीब 5 माह पूर्व भी यह कार्य करवाए गए थे। इसी क्रम में नान्ता क्षेत्र में भी विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर्स का निर्माण कराया जा रहा है। क्षेत्रवासियों व दुकानदारों का आरोप है कि ये स्पीड ब्रेकर निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं बन रहे हैं। इसमें घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। लम्बाई-चौड़ाई भी सही नहीं है। इसके अलावा ठीक से साफ-सफाई किए बिना ही स्पीड ब्रेकर्स का निर्माण शुरू कर दिया गया। इससे हो यह रहा है कि स्पीड ब्रेकर निर्माण के तुरंत बाद ही उखड़ रहे हैं। इसके चलते इन पर से गुजरने वाले वाहन अपनी गति को भी कम नहीं कर रहे हैं। इससे स्पीड ब्रेकर निर्माण का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। कुछ जगह तो ये स्पीड ब्रेकर इतने छोटे व कम ऊंचाई के हैं कि वाहन चालकों को थोड़ी सी दूर से भी नजर नहीं आते हैं। मजबूरी में उन्हें एकदम पास आने पर ब्रेक लगाना पड़ता है। सड़क से ऊपर हो और वाहनों को भी नुकसान न पहुंचे। ऐसे में करणी नगर के दुकानदारों ने इन स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई बढ़ाते हुए उनकी चौड़ाई बढ़ाने की भी आवश्यकता जताई है।

### ठेकेदार उखड़ पड़ा, ब्लेकमैल का आरोप लगाया, पुलिस में रिपोर्ट करने की धमकी दी

लोगों की इन शिकायतों पर बढ़ता राजस्थान ने ठेकेदार श्री निधि एंटरप्राइजेज के शिव शर्मा को कॉल कर समस्या बतानी चाहिए तो, वह हम पर ही बुरी तरह गुस्सा हो गए। ब्लैकमेल करने का आरोप लगा दिया। कहा कि मैं पुलिस में शिकायत दर्ज कराऊंगा। कहने लगे कि पहले भी कई फर्जी पत्रकार मेरे पास आए हैं।

**सीमेंट के सड़क के लिए टिकाऊ नहीं :** इस पर एक और बड़ी बात है कि यहां की सड़कें पूरी तरह से सीमेंट से बनी हुई हैं। इन पर कोलतार मिश्रित सामग्री से बनाए जा रहे स्पीड ब्रेकर वैसे भी टिकाऊ नहीं हो सकते हैं।

उस पर निर्माण करने से पूर्व सड़क पर प्रेशर मशीन, जिसे कम्प्रेसर कहा जाता है, उससे सफाई भी नहीं की गई। इससे सामग्री वैसे भी स्थाई नहीं रह सकती है।

### दुकानदारों का यह है कहना



जो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, वे बहुत ही नीचे हैं। नजर ही नहीं आते हैं। इनमें निर्माण सामग्री भी पर्याप्त नहीं है। स्पीड ब्रेकर थोड़ी दूर से नजर नहीं आने के कारण वाहन चालकों को एकदम पास आते ही ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे बहुत तेज आवाज होती है तथा दुर्घटना की भी आशंका रहती है। **-निमेश जेठी, नांता**



हम देख रहे हैं कि स्पीड ब्रेकर जल्दबाजी में और गलत तरीके से बनाए जा रहे हैं। हमने ठेकेदार से अनुरोध भी किया था कि इन्हें ठीक बनाएं, जिससे वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका नहीं रहे। मगर वह तो उल्टा हमें ही धमकी देने लगा।

**त्रिलोक जेठी, करनी नगर**



ब्रेकर बनाने के लिए सड़कों को साफ भी करना चाहिए था। सरकारी पैसे का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। वाहन चालकों की सुविधा देखते हुए ब्रेकरों की ऊंचाई और चौड़ाई का निर्धारण करते हुए इनका निर्माण करना चाहिए। गलत तरीके से बनाए गए स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए घातक हो सकते हैं।

**अनिल जौहरी, नांता**

### अधिकारियों ने रिसीव नहीं किए कॉल

इस मामले को लेकर हमने यूआईटी के जेईएन भरत मीणा व एक्सईएन अंकित अग्रवाल को कई बार कॉल किए, मगर उन्होंने जवाब नहीं दिया।

# सुशासन सप्ताह के बूंदी में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नागर ने पंच गौरव डिजिटल पुस्तक का विमोचन किया

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत शुक्रवार को बूंदी में विकास एवं सुशासन सप्ताह के बूंदी में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने शिरकत करते हुए, पंच गौरव डिजिटल पुस्तक का भी विमोचन किया । जिसमें बूंदी के चावल और यहां के स्थानीय फसल और सब्जी उत्पादन और उद्योगों को शामिल किया गया है ,जो की बूंदी की पहचान है वही पर्यटन स्थलों को भी इसमें शामिल किया गया है जो की बूंदी की मुख्य धरोहर है। एक विशेष प्रकार से सजावट किया गया पंच गौरव डिजिटल पुस्तक का विमोचन खुद प्रभारी राज्य मंत्री हीरालाल नागर द्वारा लैपटॉप पर बटन दबाकर किया । इस दौरान जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ पी सामर, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग सहित जिले के कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल का भीलवाड़ा दौरा और कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सीधा प्रसारण भी किया गया। प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मनसा अनुरूप सभी योजनाओं को समाज के गरीब वंचित वर्ग तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य हैं, तभी तो मुख्यमंत्री संभाग स्तर पर जिला स्तर खुद जाकर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं । इस दौरान प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने मौजूद अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल , रामेश्वर मीणा जिला अध्यक्ष भाजपा, सुरेश अग्रवाल, कुंज बिहारी बिल्या, सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित आम जन ,महिला पुरुष को राजस्थान में सुशासन व्यवस्था हो इसको लेकर शपथ भी दिलाई।

# कोटा में आज राज्य स्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव, 7 हजार बेरोजगार युवक-युवतियों को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व अन्य मंत्री करेंगे शिरकत, विभिन्न जन हितैषी योजनाओं की होगी शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( राजीव सक्सेना )।** राजस्थान दिवस पर आयोजित हो रहे साप्ताहिक महोत्सव की शृंखला में 29 मार्च, शनिवार को कोटा के दशहरा मैदान स्थित श्रीराम रंगमंच पर राज्य स्तरीय 'युवा एवं रोजगार उत्सव' आयोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 7 हजार युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट शिविर का आयोजन भी होगा। स्किल नीति एवं युवा नीति का विमोचन, द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन के लिए दिशा-निर्देश, निजी क्षेत्र में रोजगार पर 10 हजार रुपए की सहायता के लिए योजना के दिशा-निर्देश, अटल ज्ञान केन्द्र एवं नई किरण नशामुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान एवं बच्चों को बैग एवं यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी योजना की शुरुआत की जाएगी। राज्य स्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कोटा के प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित स्थानीय विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी शामिल होंगे।

**मुख्यमंत्री के आगमन के चलते आज कोटा शहर में यातायात की यह रहेगी व्यवस्था :** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की 29 मार्च, शनिवार को प्रस्तावित यात्रा के दौरान दशहरा मैदान में अन्य जिलों से आने वाले वाहनों के लिए डायवर्जन/यातायात व्यवस्था/पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है।

इस व्यवस्था के तहत बारां व सुल्तानपुर की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन 80 फीट लिंक रोड होते हुए नया बस स्टेंड होते हुए धानमंडी स्लिप लेन से लायंस क्लब की तरफ विज्ञान नगर रोड से गोबरिया बावड़ी होते हुए, घटोत्कच्छ चौराहा होते हुए, केशवपुरा पुलिया से होते हुए, रोटरी चौराहा से सीएडी ग्राउंड में पार्क होंगे। सांगोद, कैथून, धाकड़खेड़ी की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन रायपुरा चौराहा, डीसीएम होते हुए धानमंडी स्लिप लेन से लायंस क्लब की तरफ विज्ञान नगर रोड से गोबरिया बावड़ी होते हुए घटोत्कच्छ चौराहा होते हुए, केशवपुरा पुलिया से होते हुए, रोटरी चौराहे से सीएडी ग्राउंड में पार्क होंगे। वहीं, झालावाड रोड की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन अनंतपुरा थाने के सामने होते हुए धरणीधर चौराहा होते हुए, घटोत्कच्छ चौराहा होते हुए, केशवपुरा पुलिया से होते हुए, रोटरी चौराहा से सीएडी ग्राउंड में पार्क होंगे। इसी क्रम में बूंदी की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन कुन्हाड़ी चौराहे से नाका चूंगी से होते हुए थर्मल चौराहे से गढ़ पैलेस, एलिवेटेड पुलिया होते हुए धोबी घाट किशोरपुरा आकर पार्क होंगे। कार व दुपहिया वाहनों की पार्किंग पशु मेला ग्राउंड, दशहरा मैदान में होगी।

# हिन्दू संस्कृति के विविध रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ स्वदेशी मेला

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( विनोद गौड़ )।** हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को सेवन वंडर्स पार्क में स्वदेशी मेला आयोजित हुआ। यह हिन्दू संस्कृति की विविधताओं और हाड़ोती की लोक कलाओं से भरपूर मनोरंजक व ज्ञानवर्धक रहा।

**स्वदेशी मेले का शुभारम्भ गणेशजी के सामने दीपक प्रज्वलित कर किया :** स्वदेशी मेला संयोजक किशन पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजेन्द्र द्विवेदी ? व सम्भागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने मेले का उद्घाटन गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, विधायक कालूलाल मीणा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चित्तौड़ प्रांत प्रचारक मुरली, वाइस चांसलर राजस्थान टेक्निकल विश्वविद्यालय प्रो. एसके सिंह, वाइस चांसलर कृषि विश्वविद्यालय एके व्यास, समाजसेवी पन्नालाल शर्मा, गोपाल लाल गर्ग, नरेंद्र कंसुरिया, अजय सिंह, श्याम बिहारी नागर, संरक्षक ताराचंद गोयल एवं समिति अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल, महामंत्री छगन माहुर, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, व्यवसायी प्रेम भाटिया, मुकुट नागर, डॉ. बाबूलाल भाट, सत्यनारायण श्रीवास्तव, लोकेन्द्र सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहता, अनीता मीणा आदि मौजूद रहे।

**अतिथियों ने भ्रमण कर सहभागियों का उत्साह वर्धन किया :** स्वदेशी मेला समिति के सह संयोजक नारायण हेड़ा, प्रमोद राठौर, नेता खंडेलवाल, हेमंत विजय,जगदीश जिंदल, राजेंद्र सिंह, दीपक चौहन आदि ने इसमें प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया।

मीडिया प्रभारी अरविन्द सिसोदिया नेबताया कि इस अवसर पर समिति के संरक्षक एवं कोटा महाराज इज्यराज सिंह ने मेले का अवलोकन किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जिला अध्यक्ष राकेश जैन, समिति के सोशल मीडिया संयोजक रजनीश राणा, सह संयोजक हुकूमत सिंह झाला मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय योग शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने किया योग



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** आरोग्य भारती, पतंजलि योग समिति व स्मार्ट किड्स ग्रुप की ओर से 11 वे योग दिवस पर 5 दिवसीय योग शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया गया योग प्रशिक्षक सीमा दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर का आयोजन दो भाग में किया गया जिसमें फाऊंटेन गार्डन में प्रात: 7.30 से 8.30 महिलाओं एवं शाम 6 बजे से 7 बजे तक टाइप 2 पार्क में बच्चो ने योग किया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने दैनिक जीवन में योग से होने वाले लाभ के बारे में जाना। महिलाओं के लिए शिविर का आयोजन 24 मार्च से 28 मार्च तक हुआ साथ ही बच्चो की योग में रुचि को देखते हुए शिविर को 2 दिन बढ़ा दिया गया अब बच्चों का शिविर 30 मार्च को संपन्न होगा। स्मार्ट किड्स ग्रुप संचालक पार्षद मनीष गिरी ने योग प्रशिक्षक सीमा दुबे के द्वारा आयोजित नि: शुल्क योग शिविर की सराहना की जिसमे बड़ी संख्या में बच्चों एवम् महिलाओं ने भाग लिया उन्होंने बताया कि योग प्रशिक्षक सीमा दुबे कई वर्षों से ऑनलाइन एवम् ऑफलाइन योगा क्लासेज का आयोजन कर रही है जिन्हें ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन योगा क्लासेज ज्वाइन करनी है वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

## चैत्र नवरात्र पर लाडपुरा में महा रामलीला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** श्री बजरंग मंडल एवं गणेश मंडल लाडपुरा द्वारा लाडपुरा गांव में स्थानीय कलाकारों के साथ चैत्र नवरात्र के अवसर पर 29 मार्च 2025, शनिवार से रामलीला का महा आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी कलाकार गांव के ही हैं, जिनमें राम के पात्र के रूप में श्याम सुंदर शर्मा, लक्ष्मण के रूप में सत्तू शर्मा, सीता के रूप में मयंक शर्मा, रावण के रूप में ज्वाला प्रसाद सुथार, विभीषण के रूप में राधेश्याम जी धाकड़, कुंभकरण के रूप में शिवरा धाकड़, बाली के रूप में हरि धाकड़, सुग्रीव के रूप में सांवरलाल माली, जनक के रूप में लेखराज धाकड़, और विश्वामित्र के रूप में मानक धाकड़ प्रमुख हैं। इस रामलीला में कुल 30 कलाकार भाग लेंगे।

व्यासपीठ पर हमारे परम पूज्य गुरुदेव श्रीमान बाल किशन जी दुबे, जो सुनेल, जिला झालावाड़ से हैं, रामायण की मनमोहक चौपाइयों का बखान करेंगे।

## जेके लोन अस्पताल के बहिरंग विभागों में चिकित्सकीय परामर्श का समय बदला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं सुगम प्रशासनिक व्यवस्था के तहत जेके लोन मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के बहिरंग विभागों (आउट डोर) के चिकित्सकीय परामर्श का समय सामान्य दिनों में 1 अप्रेल से 30 सितम्बर तक सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। वहीं, राजपत्रित या अन्य राजकीय अवकाशों के दिन यह समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा।

## सम्भागीय आयुक्त ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जुल्मी का निरीक्षण, आयुष्मान आरोग्य मंदिर होगा नाम

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौढ़ )।** सम्भागीय आयुक्त राजेन्द्र शेखावत ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुल्मी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं व दवाओं की उपलब्धता और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 70 मरीज उपचार के लिए आते हैं। स्वास्थ्य केन्द्र में टीकाकरण व स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक पाई गई। सम्भागीय आयुक्त ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र का नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, फार्मर रजिस्ट्री शिविर, ग्राम पंचायत जुल्मी का निरीक्षण कर सभी काउंटरों और तकनीकी समस्याओं की समीक्षा की। इस दौरान किसान आईडी का वितरण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी नीता वसीटा और तहसीलदार नेहा वर्मा भी मौजूद रहीं।

## जिला प्रभारी मंत्री युवा एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक 29 मार्च, शनिवार को दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले युवा एवं रोजगार उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल ने बताया कि जिला प्रभारी मंत्री 29 मार्च को अपराह्न 3 बजे राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान के बैठक हॉल में राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली समर्थन मूल्य पर खरीद के सम्बंध में बैठक भी लेंगे।

## बेजुबान पक्षियों के लिए हर घर परिंडा अभियान

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उलेड़ा में स्कूल स्टॉफ व स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने नियमित पानी एवं दाना डालने का संकल्प लिया

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उलेड़ा में स्कूल स्टॉफ एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर तथा गांव के सार्वजनिक स्थलों पर बेजुबान पक्षियों के लिए दर्जन भर पानी के परिंडे बांधे। गांव में दो स्थानों पर चुग्गा पात्र बांधकर नियमित पानी एवं दाना डालने का संकल्प लिया गया। गांव मे घर घर परिंडे लगाने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया गया।कार्यक्रम प्रभारी नीलम माथुर ने बताया कि इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेशचन्द चौपदार,पीटीआई भंवरलाल मोठसर, मिनिया गुर्जर ,जगदीश प्रसाद,ऋचा जैन, राजेश गोयल ज्योति शर्मा, किरण यादव, चांद सिंह, स्काउट अंकुर जाट, चिंटू प्रजापत, पिंटू प्रजापत,अंकित मेघवाल गाइड विद्या चौधरी ,अर्चना चौधरी, मंजू गुर्जर, कृष्ण सुमन आदि उपस्थित रहे।

# अपना घर रूपबास इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## बेसहारा को सहारा दें उसके जीवन में कल्याण ही कल्याण है

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास /भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास के प्रभाकर पार्क एंड रिसॉर्ट में अपना घर रूपबास पुरुष एवं महिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह डॉ बी. एम. भारद्वाज संस्थापक अपना घर बझेरा के मुख्य आतिथ्य एंव ठाकुर अलवेंन्द्र सिंह राजावत की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि वीरपाल सिंह राष्ट्रीय संरक्षक, कुसुमलता अग्रवाल राष्ट्रीय संयोजक, रजनीकांत शर्मा, नीरज भारद्धाज सी.ओ के सानिध्य में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय संयोजक कुसुमलता अग्रवाल ने उद्बोधन व्यक्त कर कहा कि सभी को धार्मिक यात्राओं के साथ साथ अपना घर बझेरा भरतपुर की तीर्थयात्रा करनी चाहिए वहां निराश्रित, बेसहारा, असहाय, बीमारी से ग्रस्त प्रभुजनों की सेवा की जा रही है।जो सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। वीरपाल सिंह राष्ट्रीय संरक्षक ने कहा कि डॉक्टर बी एम भारद्वाज ने सन 2000 में अपना घर बझेरा में पौधारूपी आश्रम खोला था जो आज बट वृक्ष के रूप में कार्य कर रहा है जिसकी नेपाल सहित भारत में 62 अपना घर इकाई बझेरा में 6500 सहित 15000 प्रभु जनों की सेवा कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि अपना घर बझेरा के संस्थापक डॉ बी एम भारद्वाज ने कहा कि जो मानव निराश्रित, बेसहारा, लावारिस की सेवा करें उससे ही उसके जीवन में कल्याण ही कल्याण की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि अपना घर का उद्देश्य कोई भी बेसहारा, निराश्रित, लावारिस तकलीफ में प्रभुजन न हों। प्रभु जनों को एहसास हो इस दुनिया में अपना भी कोई है जो भी सेवा प्रभुजनों की हो रही है वह सब ठाकुर जी की मेहरबानी है। रुपबास इकाई की अपना घर तीर्थ यात्रा शुरू करने के प्रकल्प की सराहना की। अपना घर रूपबास इकाई के संस्थापक संजीव गुप्ता ने उद्देश्यों पर जानकारी दी। गीतम सिंह परिवार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि अन्नदान के लिए अमर सिंह अंधाना अध्यक्ष क्रेशर संघ की प्रेरणा से 412600/- रूपये, ?500000/- रामजीलाल शर्मा एसडीआई, 250000/- दाऊ दयाल अग्रवाल पूर्व सरपंच ईब्राहिमपुर से,20000/- रूपये अंशदान, 80 वर्ष की आयु के वृद्धि जनों का सम्मान, 167000/- रुपए मासिक अंशदान राशि जमा कराई। संजीव गुप्ता की प्रेरणा से दो गरीब कन्याओं की शादी तथा 188354 राशि समिति के पास है। भगवानदास गुप्ता पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा6 लाख का चेक अपना घर बझेरा भरतपुर के संस्थापक डॉ बी एस भारद्धाज को सौंपा।1.21 लाख रजनीकांत शर्मा ने करूणा सेवा संस्थान तथा 51000/- हजार रूपये पुत्र की जन्म तिथि पर अपना घर को देने की घोषणा की। ठाकुर अलवेंद्र सिंह राजावत ने करुणा सेवा के प्रिंस सिंघल को 85000/-रूपये की नई मोटरसाइकिल सौंपकर मूख प्राणियों की सेवा के लिए चाबी सौंपी। तथा अमर सिंह अन्धाना ने 500 परिंण्डे अपना घर को समर्पित कर वितरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि से कराया।

महाराणा सांगा पर आपत्तिजनक बयान विवाद

# राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने लोकसभा में उठाई आवाज

## कहा-महाराणा सांगा ने लोदी और बाबर को हराया, 80 घाव सहे और लड़ते हुए बलिदान दिया, उनके विरुद्ध बयानों को नहीं सहेंगे

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** लोकसभा में राजसमंद सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने वीर शिरोमणि महाराणा सांगा पर सपा के सांसद द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आपत्ति जताई है। सांसद मेवाड़ ने कहा, वे संसद में अपने पूर्वज महाराणा सांगा के बारे में बोलना चाहती हैं, सपा के सांसद ने महाराणा सांगा के लिए बेहद ही हल्के शब्दों का प्रयोग किया है। सांगा को किसी के प्रमाण की जरूरत नहीं है। सांगा ने दो बार इब्राहीम लोदी और एक बार बाबर को भी हराया था, अस्सी घावों के बावजूद सांगा लड़ते रहे और लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सांसद ने आगे कहा कि, अगर आप इतिहास नहीं जानते तो इतिहास की बात न करें। जिसका जब मन करता है तब महाराणा प्रताप, रानी पद्मिनी, मीरा माँ को लेकर कुछ भी कह देते हैं। जब यह बात राज्यसभा में उठी थी तब अन्य सांसदों को इसके खिलाफ बोलना चाहिए था। लोग बता रहे हैं कि कई जगह लोगों ने कानून हाथ में ले लिया है, अगर सही समय पर एक्शन लिया जाता तो बात यहां तक नहीं पहुँचती। इसी तरह संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, राज्यसभा जैसे गरिमामय भवन में सपा के सांसद द्वारा महाराणा सांगा को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, लेकिन किसी सांसद ने इसका विरोध नहीं किया, अगर सांसद विरोध करते और वहीं बात खत्म हो जाती तो आज जगह-जगह लोग कानून हाथ में नहीं लेते। यह युवाओं को इतिहास से भ्रमित करने का प्रयास है। सपा के सांसद के विरुद्ध सदन कार्रवाई अमल में लाए। हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है, बलिदान देने वालों के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करना निंदनीय है, हमारे पूर्वजनों ने 36 कौमो को लेकर जोड़ा है, आज भी हम उसी तरह लोगों को जोड़ने की कोशिश करते हैं, लेकिन सपा के सांसद लोगों को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# पूर्व सांसद रंजीता कोली से मिलकर सोगरिया व वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का बयाना स्टेशन पर ठहराव की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)** बयाना में जिला रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) के पूर्व सदस्य पवन गोयल और अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के बयाना तहसील अध्यक्ष अनिल गर्ग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने शुक्रवार को भाजपा की पूर्व सांसद रंजीता कोली से मुलाकात की। बयाना स्थित उनके आवास पर सौंपे गए ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। इनमें गरीब रथ एक्सप्रेस का भरतपुर जंक्शन पर ठहराव शामिल है। साथ ही कोटा-दिल्ली सोगरिया एक्सप्रेस और उदयपुर-आगरा वंदे भारत एक्सप्रेस का बयाना जंक्शन पर कॉमर्शियल ठहराव की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने आरपीएफ और जीआरपी चौकी में रिक्त पदों पर कार्मिकों की नियुक्ति का मुद्दा भी उठाया। गोयल और गर्ग ने पूर्व सांसद का विशेष आभार जताया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना में बयाना स्टेशन के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रंजीता कोली ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही दिल्ली जाकर केंद्रीय रेलमंत्री से मुलाकात करेंगी और इन मांगों को पूरा करने की प्रयास करेंगी।



# सड़क पर दौड़ती ब्रेजा कार का टायर फटा, बेकाबू होकर सामने से आई वैन को मारी टक्कर, विवाद बढ़ने पर मौके पर जुटी भीड़

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना कस्बे से गुजर रहे भरतपुर-हिंडौन स्टेट हाईवे पर जहांगीर गेट के पास शुक्रवार शाम को एक कार और वैन की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों के सामने के हिस्से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वैन चालक ने कार ड्राइवर पर ड्राइविंग के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और नुकसान की भरपाई की मांग करते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। इस बीच, मौके पर बड़ी संख्या में राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे विवाद और बढ़ गया। वाहनों के बीच रोड खड़े होने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही टाउन चौकी इंचार्ज निर्भय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों वाहनों के ड्राइवरों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। साथ ही दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू किया गया।

वैन चालक भूरासिंह ने बताया कि वह करीब 4.30 बजे गांधी चौक की ओर से पंचायत समिति की तरफ बच्चों को स्कूल से लेने जा रहे थे, तभी अचानक सामने से तेज रफ्तार में आई कार ने उनकी वैन को टक्कर मार दी। वहीं, कार चालक सुन्ना खान ने बताया कि वह अपनी फैमिली के साथ हिंडौन जा रहे थे, तभी अचानक उनकी कार के ड्राइवर साइड का टायर फट गया, जिससे कार बेकाबू होकर सामने से आ रही वैन से टकरा गई। हालांकि, इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं।

# छप्पन भोग झांकी के साथ भंडारे का हुआ समापनः नौ कन्याओ व दो लांगराओ का भी किया पूजन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कस्बे में कुंडा तिराहे से हिंडौन रोड पर 7वां केला देवी विशाल भंडारा 22 मार्च को कैला देवी पद यात्रियों के लिए मां केला देवी विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ था। यह भंडारा 5 दिन तक चला। जिसमें लाखों पद यात्रियों ने भंडारे में सुविधाओं का लाभ लिया। इस भंडारे में सुबह से लेकर शाम तक पद यात्रियों के लिए पूरी सुविधाओं के साथ व्यवस्थाएं रखी गई। जिसका समापन 26 मार्च को किया गया। भंडारा समापन वाले दिन मां केला देवी के दरबार में छप्पन भोग और फूल बंगला की झांकी भी सजाई गई। भंडारा पंडाल में पद यात्रियों को मनोरंजन के लिए धार्मिक झांकियां के साथ धार्मिक प्रस्तुतियां का भी इंतजाम किया गया। पंडाल में दवाई की व्यवस्था मुफ्त रखी गई। भंडारे में सभी सदस्यों की मौजूदगी में शाम को छप्पन भोग फूल बंगला झांकी के साथ मां केला की आरती उतार कर मां का हलवा चना का भोग लगाया। पंडाल में विश्राम कर रहे पदयात्रीयों में से छोटी-छोटी नो कन्याओं व दो छोटे लंगराओ को आसान पर बिठाकर पहले सभी के जल से चरण धोए फिर रोली चंदन लगाकर टीका लगाकर फूलों की माला पहनाकर चुन्दरी उड़ाई व सभी के लिए भोजन प्रसादी खिलाई गई। और सभी के लिए मां का चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर ललित मोहन अग्रवाल, (लवली) बब्बल बंसल, अशोक बंसल ठेकेदार, प्रदीप अग्रवाल निक्की बंसल, रिंकू गर्ग, मनोज अग्रवाल, सत्य प्रकाश गुप्ता, डॉ महेश धाकड़ ,डॉ हेमेंद्र बंसल, मधुरम अग्रवाल आदि कई सदस्य मौजूद रहे।

# कैला देवी पदयात्रियों को भंडारे के समापन के बाद मैया की निकाली विसर्जन यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी,( अंशु गुप्ता )।** श्याम प्रेमी परिवार की ओर से कैलादेवी के पदयात्रियों के लिये भंडारे का शुक्रवार को समापन होने पर कैलामैईया की विसर्जन यात्रा निकालकर पांचना मे मैया की प्रतिमा का विसर्जन किया। श्याम प्रेमी परिवार के विनोद वागरेनिया, प्रदीप कालरा ने बताया कि हिंडौन श्याम प्रेमी परिवार की ओर से राजकीय महाविद्यालय के पास कैलादेवी के पदयात्रियों को भंडारा लगाया। शुक्रवार को कैलादेवी पदयात्रा को भंडारे का समापन हुआ। बाद कन्या लागराओ को भोजन कराया। डीजे के साथ भंडारा स्थल कोतवाली, चौपड से डैम्परोड, कटला बाजार, भायलापुरा से करौली स्थित. पांचना बांध पहुंचे। जहाँ विधीवत रुप से प्रतिमा का विसर्जन किया। मैया की विसर्जन यात्रा में विनोद वागरेनिया, राधारमण जागा, सोनू कुमार, प्रदीप कालरा, बोना, नमो नारायण सोनी सन्नी महावर,आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# निम्न स्तर की खेल सामग्री विद्यालयों में हुई सप्लाई

## शारीरिक शिक्षकों ने विरोध में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 मैं भेजी गई बच्चों के लिए स्पोर्ट्स किट गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण शारीरिक शिक्षको ने विरोध दर्ज कराया है स्थानीय शारीरिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई द्वारा हेमेंद्र पांडे की अगवाई में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भगवान सहाय शर्मा को ज्ञापन सोपा है ज्ञापन में गुणवत्तापूर्ण खेल किट गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण इसका बच्चों को उचित लाभ मिलने की संभावना नहीं है वहीं अध्यनरत बालक बालिकाओं के दुर्घटनाग्रस्त होने की भी संभावना बन सकती है। स्कूल शिक्षा परिषद से विद्यालयों द्वारा पूर्व की भांति क्रय करने की प्रक्रिया अपने जाने की बात कही गई है्। इस अवसर परविनोद कुमार शर्मा, हेमेन्द पाण्डेय्, रघुवीर मीणा, देवी लाल, सुनीता सैनी मीना महला अशोक कुमार गुप्ता, गीता चौधरी सहित समस्त ब्लॉक शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

# सदर थाना पुलिस ने फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी,ग्रामीण (अंशु गुप्ता)।** सदर थाना पुलिस ने फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ बयाना व सदर थाना हिंडौन में आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बमनपुरा निवासी भीमो उर्फ भीमसिंह व नरसी है। जिसमें एसपी द्वारा गिरफ्तारी को लेकर भीमो पर 10 हजार व दूसरे आरोपी नरसी पर तीन हजार रुपए का इनाम है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी भीमसिंह उर्फ भीमो टॉप टेन अपराधियों में शामिल है। उन्होंने बताया कि बमनपुरा में 15 मार्च को घर के बाहर नाली से जलभराव को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने पिल्लू गुर्जर पर फायरिंग की थी। जिसमें गोली लगने से पिल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें परिजन घायल को उपचार कराने जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।जिसके बाद प्राथमिक उपचार में गंभीर हालत होने पर उसे रैफर कर दिया। घायल के बयान पर सदर थाना में मामला दर्ज हुआ।जिसके बाद दोनो आरोपी फरार चल रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया इनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित हुई। जिसमें एएसआई रजन लाल, हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, भल्लू सिंह, प्रधान, हेमेंद्र, संजय व समय सिंह पुलिस कर्मी शामिल हुए।

# राजपूत समाज द्वारा राणा सांगा स्मारक के सामने रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका गया

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास /भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास उपखण्ड क्षेत्र के ख़ानुआँ में राणा सांगा स्मारक पर उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा भारत की आनबान शान राणा सांगा एवं हिंदू समाज के खिलाफ संसद भवन में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भरतपुर भानु प्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में गाव खानुआ में स्थित राणा सांगा स्मारक के सामने सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका गया तथा विरोध में नारेबाजी कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रामजी लाल सुमन के खिलाफ कार्यवाही करने तथा समस्त राजपूत समाज से ही नहीं अन्य सभी समाजों से जिनके दिलों में राणा सांगा बसते हैं उन सभी समाजों से माफ़ी मांगने की चेतावनी दी गई।

भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानु प्रताप सिंह राजावत ने कहा कि संसद में हमारे देश के हिंदू हृदय सम्राट एवं योद्दा तथा गौरवशाली इतिहास के जनक जिन्होंने देश और समाज की रक्षा के लिए मुगलों के आगे समर्पण नहीं किया ऐसे शूरवीर राणा सांगा पर अपमान जनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती अत: सांसद रामजी लाल सुमन को सरेआम सभी समाजों से सिर झुकाकर अपने बोले गए शब्दों के लिए माफी मांगी जानी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री भानु प्रताप सिंह राजावत, कृष्णा जाट,संतोष सिकरवार , नेमीचंद शर्मा , रामशरण शर्मा , सौरभ जादौन,रामवीर कुशवाह,विवेक गुप्ता,भावेश अवाना, महेश,सतेंद्र, मुरलीधर कुशवाहा,पंकज कुशवाह, हरविलास, मोहित चौहान, हितेश, पुष्पेंद्र, गुलशन चौहान, रणधीर, रामवीर, संतोष, नेमीचंद, अवधेश के साथ असंख्य लोग उपस्थित रहे।

# राजसमंद रसद विभाग ने 85 अपात्र परिवारों को नोटिस किया जारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जिला रसद अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे गिव अप अभियान के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रदान करने से संबंधित निर्धारित मापदंडों के बारे में अधिसूचना दिनांक 27.09.2018 जारी की गई थी। इस अधिसूचना के तहत कुछ श्रेणियों को खाद्य सुरक्षा योजना से निष्कासित किया गया है- ऐसे परिवार जिसमें कोई सदस्य आयकर दाता हो। परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, या स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी या अधिकारी हो। जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो। परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो, जिसमें ट्रक्टर और एक वाणिज्यिक वाहन (जो जीविकोपार्जन में प्रयोग आता हो) को छोड़कर। राजसमन्द जिले में अब तक 2376 परिवारों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से गिव अप अभियान के तहत आवेदन किया है।

# मेहन्दुरिया के पास आग से एक बिघा गेहूँ कटी हुई फसल के साथ खेतो की व कई पेड़ पौधे जले

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** मेहन्दुरिया के श्मशान घाट के पास आज एक खेत मे आग लग गई जिससे अफरातफरी मच गई उपसरपंच ओम वैष्णव ने बताया कि आग मेहन्दुरिया निवासी गिरीराज पिता गोवर्द्धन लाल दाधिच के खेत के पास अचानक आग लग गई उनके खेत मे गेंहू की फसल काट कर रखी हुई थी आग से एक बिगा गेंहू की फसल व पेड जल गये ओर उसके बाद आग ललित जाट के खेत की बाड़ को जलाते हुए विधुत वितरण निगम के 132 के वी विधुत स्टेशन मे लपटो से आग पकड ली जिससे सैकडो पेड जल गये इस प्रकार आग से 2 लाख से भी अधिक का नुकशान हो गया आग लगने की खबर से हिन्दुस्तान जिक दरीबा की दो फायर ब्रिगेड की गाडीयो ने दो घण्टे की मस्कत के बाद आग पर काबु पाया मौके पर सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गये और उन्होने सतर्ककता रखते हुए पेड की टहनियो से आग बुजाते हुए पास ही गेहु की 2 बिघा फसल को बचा लिया आग कारणो का पता नहीं चलपाया है मौके पर कई ग्रामीण एकत्रित हो गए।

## विनय मुनि भीम म.सा. के देवलोक गमन पर कपासन में श्रद्धांजलि सभा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्रमण संघीय प्रथम युवाचार्य मिश्रीमल म.सा. मधुकर के सुशिष्य श्रमण संघ सलाहकार उपप्रवर्तक विनय मुनि भीम म.सा. का संथारा संलेखना सहित जोधपुर में देवलोक गमन हो गया।जिसके बाद नगर कपासन स्थित अंबेश भवन मे विराजित साध्वी विश्व वंदना म.सा. व वंदना म.सा. के सानिध्य में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान साध्वी विश्व वंदना ने बताया कि विनय मुनि भीम म.सा. गंभीर व्यक्तित्व के धनी एवं ज्ञानी संत रत्न थे।जिन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों का व्यापक प्रचार कर धर्म की अभूतपूर्व प्रभावना की तथा इनके निधन से समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है।इसके बाद उपस्थित श्रावक श्राविकाओं द्वारा साध्वियों के सानिध्य में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि उक्त श्रद्धांजलि सभा में संरक्षक शंकरलाल लोढा,प्रदीप चंडालिया,प्रकाश आंचलिया,रूपलाल डांगी,अशोक बापना,मदनलाल दुग्गड़,मोतीलाल चण्डालिया,युवा अध्यक्ष राहुल हिंगड़,अनिल बापना, अविनाश दुग्गड़,महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़, मंत्री सुनीता सांवला,कोषाध्यक्ष अंगूरबाला सिरोया, चंद्रकिरण चंडालिया,जतन बापना,सरोज दुग्गड़, विमला सांवला आदि महिला मंडल एवं श्रमण संघ व साधुमार्गी संघ सदस्य आदि उपस्थित रहे। अंत में साध्वीयो द्वारा चार लोगस्स काउसग किया गया।

# प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा किये गये मनमाने परिसीमन का विरोध कांग्रेस हर स्तर पर करेगी : प्रशान्त बैरवा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मनमाने तरीके से किये गये परिसीमन का विरोध कांग्रेस हर स्तर पर करेगी। यह विचार पीसीसी महासचिव ,पूर्व विधायक एवं भीलवाड़ा जिला प्रभारी प्रशान्त बैरवा ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकायों एवं पंचायतीराज संस्थाओं में मनमाने तरीके से किये जा रहे परिसीमन /पुनर्गठन तथा सीमा वृद्धि को लेकर विचार - विमर्श हेतु अक्षय त्रिपाठी जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित जिला कांग्रेस की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैरवा ने कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गाँधी को माल्यार्पण किया। बैठक के शुभारम्भ में जिला कांग्रेस कमेटी की



ओर से जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बैरवा का उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया । बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया जिसमें पीसीसी सदस्य मंजू पोखरणा , संदीप जीनगर , शंकरलाल गाडरी , भूपेंद्र सिंह , शाहपुरा विधायक प्रत्याशी नरेन्द्र रेगर , महिला जिलाध्यक्ष रेखा हिरण , सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी , नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र पारीक , जी पी खटीक , रामेश्वर लाल जाट , अविचल व्यास , रफीक टांक , संजय मेवाड़ा , रफीक शेख , एडवोकेट ओमप्रकाश तेली , भैरूलाल बैरवा, सरपंच राजेन्द्र चौधरी एवं मुन्ना राम मीणा ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष त्रिपाठी ने सभी से आह्वान किया कि हमें मिलजुलकर निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के लिय किये जा रहे परिसीमन एवं सीमा वृद्धि की कमियों को उजागर करना है इसके लिय आप अपने स्तरपर भी आपत्तियां दर्ज करा सकते है कांग्रेस कमेटी का साथ हमेशा आपके साथ है। चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि बैठक में ईश्वर खोईवाल , रामलाल गाडरी , राजकुमार माली , रामदयाल बलाई , भंवर गुर्जर , संजय सिरोठा , गोविन्द राम बिड़ला , आनंद तिवाड़ी , प्रकाश शर्मा , ममता शर्मा , जीतेश चपलोत , महावीर व्यास , जी एस दायमा , विनोद जाट ,संदीप खोईवाल ,संदीप टेलर , सुनील दत्त शर्मा ,एस के मीज़ान ,शिवराज सुराणा , मुस्ताक अली मंसूरी , मुकेश घुसर , विनोद जाट , उमेश पूर्बिया ,शमीम बानू , रुकमणी , शमा सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे ।

# राणा सांगा पर आपत्तिजन टिप्पणी से आक्रोशित हिन्दू संगठनों ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले डग में राज्यसभा में राणा सांगा पर आपत्तिजन टिप्पणी से आक्रोशित हिन्दू संगठनों ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका।पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के राज्यसभा के सांसद रामजीलाल सुमन ने वीर शिरोमणि महाराणा सांगा के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की थी जिसके खिलाफ नगर के हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश प्रकट कर सपा सांसद का पुतला जलाया।शिवसेना जिला प्रमुख प्रकाश आनंद, बजरंग दल जिला सहसंयोजक करण सिंह व पूर्व उपसरपंच सुरेश कुमावत काका की अगुवाई में नगर के हिंदूवादी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर के मां गायत्री शक्ति पीठ मन्दिर परिसर में एकत्रित होकर सपा सांसद का भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीना पंवार एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से पुतला बनाकर नगर के मुख्य मार्गो से शवयात्रा निकाली शवयात्रा में दीपक खटीक,विक्रम बागरी द्वारा पुतले को कंधा देकर सपा सांसद मुर्दाबाद, अखिलेश यादव मुर्दाबाद,महाराणा सांगा अमर रहे,सनातनी योद्धाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि नारे कार्यकर्ताओं ने लगाकर सपा सांसद के पुतले का थाने के सामने दहन कर आक्रोश प्रकट किया।इस दौरान पूर्व उपसरपंच कुमावत ने कहा कि राणा सांगा ने देश व धर्म के लिए अपने शरीर पर 80 घाव होने पर भी विदेशी मुगलो से आजीवन लड़ते रहे ऐसे महायोद्धा के खिलाफ की गई इस अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ राजस्थान में ही नही देशभर में सपा सांसद के खिलाफ आक्रोश है और उक्त सांसद को बिना देर किये उनके पद से हटा देना चाहिए ताकि दोबारा से कोई भी व्यक्ति हिंदुस्तान के किसी भी महापुरुष या महायोद्धा के खिलाफ कोई गलत टिप्पणी नहीं कर सके।पुतला दहन के अवसर पर डग ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष शिखर धारीवाल, सुनील व्यास, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मुकेश वर्मा, बजरंग दल के रूपेंद्र सिंह देवड़ा प्रहलाद सिंह,नारायण सिंह,कालुसिंह,गोविंददास बैरागी,रामलाल उमरवाल, कैलाश राठौड़ सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महर्षि गौतम जयंती को श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कपासन विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं सम्मान समारोह के साथ मनायेगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम जयंती को क्षेत्रीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा चैत्र शुक्ला प्रतिपदा 2082 रविवार 30 मार्च को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उत्साहपूर्वक मनाई जायेगी। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कपासन अध्यक्ष भुवनेश व्यास ने बताया कि गुर्जर गौड़ समाज द्वारा महर्षि गौतम जयंती को विविध धार्मिक अनुष्ठानों सहित समारोहपूर्वक मनाना जायेगा।जिसके तहत रविवार प्रात: 9.15 बजे गौतम आश्रम परिसर में यज्ञ एवं हवन का जगदीश चाष्टा,राधेश्याम ध्यास,पुरण उपाध्याय,दत्तात्रेय चाष्टा,अनिल व्यास की उपस्थिति में शुभारंभ होगा।साथ ही महर्षि गौतम जयंती के उपलक्ष्य में समाज के महिला मंडल द्वारा खेलकूद व एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इधर महर्षि गौतम जयंती के अवसर पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कपासन द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा।उक्त शोभायात्रा का गौतम आश्रम से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुवे पुन: यथास्थान पहुंचकर संपन्न होगी।इसके उपरांत गौतम आश्रम परिसर में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।जिसमे प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित होंगे।

इस महर्षि गौतम जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सुनियोजित व्यवस्थाओं को लेकर सतीश चाष्टा, महेश उपाध्याय,रमेश चाष्टा,विष्णु व्यास,मनोज चाष्टा, दिलीप उपाध्याय,अरविन्द चाष्टा,सुभाष उपाध्याय, राहुल चाष्टा,जयेश चाष्टा,कुशाल चाष्टा,राजेन्द्र व्यास, लाला,हेमन्त व्यास,मोहित व्यास,सत्यनारायण उपाध्याय,दिलीप चाष्टा,सुरेश व्यास,योगेश चाष्टा, जगदीश व्यास,दिलीप उपाध्याय,चन्द्रप्रकाश व्यास, श्रीप्रकाश व्यास,गोविन्द व्यास,आदर्श चाष्टा, बालमुकन्द चाष्टा,राकेश आदि समाज के गणमान्यजनों सहित युवा वर्ग द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।यहां सम्मान समारोह हेतु समाज की विभिन्न प्रतिभाओं की प्रविष्टि 28 मार्च तक प्रभारी व कोषाध्यक्ष अविरल उपाध्याय एवं सचिव लोकेश चाष्टा के पास जमा होगी।

## संगम विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय अनुसंधान पद्धति कार्यशाला का सफल समापन




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के प्रबंधन अध्ययन संकाय द्वारा आयोजित 10 दिवसीय अनुसंधान पद्धति कार्यशाला का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। यह कार्यशाला भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित थी, जिसमें देशभर से 30 शोधार्थियों ने भाग लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर उमेश होलानी (पूर्व कुलपति एवं अधिष्ठाता, वाणिज्य विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर) थे। उन्होंने शोधकर्ताओं को बहु-विषयक अनुसंधान को अपनाने की सलाह दी और कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रकृति संरक्षण और मानवता जैसे उभरते हुए मुद्दों पर शोध किया जाना चाहिए।संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने कार्यशाला की सराहना करते हुए इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया वहीं, उपकुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने कहा कि यह कार्यशाला शोधकर्ताओं के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुई और भविष्य के लिए एक मंच प्रदान करेगी।कुलसचिव प्रोफेसर राजीव मेहता ने कहा कि ढ्ढष्टस्स्क्र-प्रायोजित अनुसंधान पद्धति कार्यशाला शोधार्थियों के लिए एक स्वर्णिम अवसर रही, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता एवं कार्यशाला के सह-संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में शोध के विभिन्न आयामों पर ध्यान केंद्रित किया गया तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान की गई।कार्यशाला की निदेशक डॉ. तनुजा सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। समापन सत्र में सभी समन्वयकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन डॉ. नेहा सभरवाल एवं डॉ. नेहा अजमेरा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरभि बिरला ने दिया।

## रिटायर्ड तहसीलदार सईद अहमद बने राजस्थान पेंशनर्स मंच के जिला अध्यक्ष


बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** रिटायर्ड तहसीलदार सईद अहमद को राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला शाखा झालावाड़ के जिला अध्यक्ष पद नियुक्त किया। राजस्थान पेंशनर्स मंच के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अब्दुल मन्नान खान पीर जादा ने प्रदेश अध्यक्ष कैलाश क्रांतिवीर की सहमति से राजस्थान पेंशनर्स मंच शाखा झालावाड़ के जिला अध्यक्ष पद पर रिटायर्ड तहसीलदार हाजी सईद अहमद को नियुक्त किया ओर निर्देशित किया कि एक सप्ताह में अपनी कार्यकारणी बना कर सुचित करें। राजस्थान पेंशनर्स मंच के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सईद अहमद ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि राजस्थान पेंशनर्स मंच पेंशनर्स समाज का प्रदेश स्तरीय संगठन है जिसके राजस्थान में लगभग तीन लाख सदस्य है ओर यह सगंठन रिटायर्ड कर्मचारियों के हित में काम करता है ऐसे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने मुझ पर भरोसा कर झालावाड़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है मै पूरी कोशिश करुगा की राजस्थान पेंशनर्स मंच से जिले के पेंशनर्स को जोड कर संगठन को मजबूत बनाने का काम कर सकू झालावाड़ जिले के पेंशनर्स की समस्याओं को राजस्थान पेंशनर्स मंच के माध्यम से प्रदेश लेवल पर ओर जिला लेवल पर हल कराने की पूरी कोशिश करुगा ओर साथ ही मंच के माध्यम से एंव पेंशनर्स के सहयोग से जन हित के सामाजिक कार्य करने के प्रयास भी किए जाएगें।

## पत्रकारों ने दिया सद्भाव का संदेश

### होली मिलन एवं इफ्तार पार्टी का किया आयोजन, पत्रकार खान बंधुओ का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** माहे रमजान में रोजा रखने वाले पत्रकार बंधुओ का जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान 'जार' के सदस्यों ने ना केवल सम्मान किया बल्कि शानदार रोजा इफ्तार पार्टी के साथ होली स्नेह मिलन का आयोजन कर सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश भी दिया है । शहर के मध्य स्थित फोमो होटल में सोमवार को 'जार' के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान, शमशाद खान और दिलशाद खान का होली स्नेह मिलन और रोजा इफ्तार के बाद 'जार' के सदस्यों ने साफा, शाल और फूल मालाओं से सम्मान कर सांप्रदायिक सद्भाव के इस कार्यक्रम को बेमिसाल बना दिया। स्थानीय पत्रकारों ने होली और रमजान के मूल मंत्र को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जहां रमजान में रोजा खुलवाकर त्याग तपस्या और भाईचारे का संदेश दिया वहीं होली स्नेह मिलन से बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मना कर एकता का परिचय भी दिया है ।कार्यक्रम की शुरुआत ड्राई फूड्स और खजूर के साथ रोजा इफ्तार से की गयी तथा स्नेह भोज के पश्चात रोजेदार खान बंधुओं का सम्मान कार्यक्रम हुआ।

## पुरातात्विक महत्व के शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कल चैत्र नवरात्रि मेले का शुभारंभ

### प्रसिद्ध शक्तिपीठ पर नो दिवसीय भव्य धार्मिक मेले की तैयारियां अंतिम दौर में

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षेत्र में स्थित पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर नो दिवसीय धार्मिक मेले का 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजन किया जायेगा।जिसको लेकर मुला मातारानी के दरबार में उक्त धार्मिक मेले की तैयारियां अंतिम दौर में है।यहां नगर के राजमार्ग से प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला माता मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर साफ-सफाई सहित जगह-जगह आकर्षक एवं रंगबिरंगे प्रवेश द्वार सहित मातारानी के दरबार में रंगबिरंगी आकर्षक विद्युत सजावट की जा रही है।साथ ही मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु मेला ग्राउंड में डोलर चकरी तथा मुला मातारानी के दरबार में आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं हेतु महाभंडारे का आयोजन किया जायेगा। इधर मुला माता मंदिर समिति कपासन अध्यक्ष एवं पुर्व नगर पालिका पार्षद सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि आगामी 30 मार्च से 7 अप्रैल तक नगर कपासन के राजमार्ग स्थित पुरातात्विक महत्व के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मुला मातारानी के दरबार में आयोजित होने वाले नो दिवसीय धार्मिक मेले में दूरदराज से आगंतुक भक्तों एवं श्रद्धालुओं हेतु नो दिनों तक प्रतिदिन महाभंडारे में मातारानी के प्रसाद का भक्तों को लाभ मिलेगा।साथ ही उक्त नो दिवसीय धार्मिक मेले में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु मेले के रंगमंच पर प्रतिदिन रात्रि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।जिसके अंतर्गत 30-31 मार्च बालूराम गाडरी एंड पार्टी सिंदेसर कलां द्वारा लोकगाथा पर आधारित बगड़ावत मंचन,1 अप्रैल गोपाल राव एंड पार्टी कांकरोली द्वारा भजन संध्या, 2 अप्रैल जय म्यूजिकल ग्रुप निम्बाहेड़ा द्वारा भजन संध्या,3 अप्रैल बालूराम गाडरी एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत मंचन,4 अप्रैल किशनलाल पनोतिया एंड पार्टी द्वारा बगड़ावत मंचन, 5 अप्रैल को एक शाम मुला माताजी के नाम भजन संध्या,6 अप्रैल यश म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या,7 अप्रैल आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन होगा।साथ ही 7 अप्रैल रात्रि में रंग-बिरंगी आकाशीय आतिशबाजी के साथ विशाल रावण का दहन किया जायेगा।

इस नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के सफल आयोजन हेतु मुला माता मंदिर समिति के सदस्यों सहित क्षेत्रीय आमजन एवं नगरवासियों द्वारा नि:स्वार्थ सहयोग प्रदान किया जा रहा है।जिसके तहत मेले की तैयारियां पुरजोरता के साथ अंतिम चरण में है।

## मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांध कर की रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज अदा,वक्फ बिल का विरोध किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के मुस्लिम समान ने वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम समाज रमजान के अंतिम जुम्मे पर शुक्रवार को हाथों में काली पट्टी बांधकर जुम्मे की नमाज अदा की तथा वक्फ बिल का विरोध जताया। वक्फ बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रमजान के आखिरी जुमे की नमाज में काली पट्टी बांधने की अपील की थी,जिस पर शुक्रवार को समाज के लोगों ने दाही बांह हाथ पर काली पट्टी बांध कर जुम्मे की नमाज अदा की ।

## महिला ने लिया नेत्रदान व अंगदान का संकल्प, मंजुश्री संस्थान के माध्यम से लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**झालरापाटन ( नि.स. )।** रक्तदान की तरह नेत्रदान व अंगदान को भी महादान की संज्ञा दी जाती है। इसमें कोई भी व्यक्ति मृत्यु के बाद परिजनों के सहयोग से अपनी कार्निया तथा परिस्थिति अनुसार अपने अंगों का दान कर कॉर्निया द्वारा किसी को जिंदगी रोशनी ला सकता है, साथ ही अंगों द्वारा किसी को नवजीवन प्रदान कर सकता है। इसी क्रम में झालरापाटन निवासी ज्ञानेश्वर राठौर की धर्मपत्नी सीमा राठौर ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा तथा सोटो की विभागीय वेबसाइट पर अंगदान का रजिस्ट्रेशन करवाया। सीमा ने संकल्प पत्र भरकर टीम मंजुश्री संस्थान सचिव व शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र अजय मोमिया को सौंपा। सीमा एक गृहिणी होने के साथ साथ अपने पति के व्यवसाय में भूमिका निभाती है। सीमा के तीन बच्चे है जिसमें उनकी बड़ी बेटी अदिति जो आयुर्वेद डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है दूसरी बेटी आयुषी जो दिल्ली से सिविल सर्विस की की तैयारी कर रही ही साथ ही एक बेटा आदित्य राठौर पढ़ाई के साथ साथ पिता के साथ व्यापार को संभालता है। संकल्प पत्र भरने के बाद सीमा ने बताया कि काफी समय से नेत्रदान का संकल्प लेना चाहती थी पर किसी प्रकार का माध्यम नहीं मिल पाया।

## राहत भरी खबर- बूंदी आगार की 1 अप्रैल से दो नई बस सेवाएं

### बूंदी से जयपुर एवं सवाई माधोपुर के लिए चलेगी यह बसें



बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** राष्ट्रिय राजमार्ग 148 ड़ी से जुड़े गांवों एवं कस्बों को 1अप्रैल से राजस्थान रोडवेज की दो नई बस सेवाओं की और सुविधा मिलने वाली है इसके लिए बूंदी डिपो ने सभी तैयारी पूर्ण कर इन दोनो बस सेवाओं के संचालन के आदेश जारी कर दिए हैं । यह जानकारी देते हुए बूंदी आगार के मुख्य प्रबंधक घनश्याम गौड़ ने बताया कि डिपो की यह दोनो बस सेवाएं 1 अप्रैल से शुरु की जा रही है जिसमे एक बस बूंदी से सवाई माधोपुर के लिए सुबह साढे सात बजे रवाना होगी जो हिंडोली, गोठड़ा, जजावर,नैनवां, उनियारा,अलीगढ़ होती हुई साढे ग्यारह बजे सवाई माधोपुर पहुंचेगी यह बस सायं साढे तीन बजे सवाई माधोपुर से प्रस्थान करेगी एवं इसी मार्ग से बूंदी आएगी ।गौड़ ने बताया कि दूसरी बस बूंदी से जयपुर के लिए अपरान्ह 3 बजे रवाना होगी जो हिंडोली, गोठड़ा,जजावर, नैनवां, घाड़, धुआंकला, छाण , टोंक , होती हुई रात्रि के साढे नौ बजे जयपुर पहुंचेगी वहां से सुबह 7-20 पर रवाना होकर यह बस दोपहर 2बजे इसी रूट से बूंदी पहुंचेगी ।

गौरतलब रहे एनएच 148 ड़ी पर बसों की संख्या कम होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है क्षेत्रवासीयों द्वारा सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा एवं अजमेर के लिए सीधी बस सेवाओं की मांग लंबे समय से की जा रही है जिसमें बूंदी आगार द्वारा शुरु की जा रही इन बस सेवाओं से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। हालांकि क्षेत्रीय सांसद ने एक बस सेवा भीलवाड़ा से नैनवां के बीच भी शुरु करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक यह बस नैनवां नही पहुंच पाई ।

# ट्राईओम शैक्षणिक संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान




बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सठी )।** शुक्रवार को यहां ट्राई ओम शैक्षणिक संस्था के गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदान दाताओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना रहा है। शिविर का उद्घाटन निदेशक आशीष जिंदल तथा वरिष्ठ अध्यापक रामराज जांगिड़ ने किया।, जिन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि। रक्तदान महादान होता है । इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर केशव ब्लड बैंक के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम भी मौजूद रही।जिन्होंने रक्तदाताओं की जांच कर सुरक्षित रक्तदान सुनिश्चित किया।

ट्राईओम इंस्टीट्यूट के निदेशक राहुल राय ने बताया कि इस शिविर में कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया। जिससे कई जरूरतमंद मरीजों को मदद मिलेगी। ऐसे में सभी को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए ताकि किसी की भी जिंदगी आसानी से बचाई जा सके। इस अवसर पर संस्था द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और धन्यवाद पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# देवली पालिका ने अपने परिसर में बॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्यकरण के नाम खर्च किए 35 लाख रुपये

## चवन्नी में होने वाले कामों पर एक रुपया खर्च करने की योजना देवली पालिका द्वारा बनाई जाती रही है, सरकारी धन का दुरुपयोग करने जैसे मामले एक के बाद एक सामने आ रहे हैं

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सठी )।** सौंदर्य करण करवाने के कार्य में अपने चहेते ठेकेदार को सरकारी धन का लाभ पहुंचाने की नियत पर चवन्नी में होने वाले कामों पर एक रुपया खर्च करने की योजना देवली पालिका द्वारा बनाई गई है। इसलिए कि यहां विकास के नाम सौंदर्य करण कार्यों पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने जैसे मामले एक के बाद एक सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है । हुआ यह कि देवली नगर पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने पालिका परिसर में बॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्य करण कार्य करवाये जाने के लिए 34 लाख 87 हजार रुपए खर्च करने की योजना 7 दिसंबर 2021 को बनाई थी। इस दौरान देवली पालिका के अधिकारियों ने नगर पालिका परिसर में स्थित मामूली से वॉलीबॉल ग्राउंड का सौंदर्यकरण कार्य 34 लाख 87 हजार रुपए की बड़ी लागत पर करवा दिया। ऐसे में यहां लोगों का मानना है कि अगर वॉलीबॉल ग्राउंड के उक्त सोंदर्य करण कार्य को कोई अन्य सरकारी एजेंसी करवाती तो यही कार्य 8 से 10 लाख रुपए के खर्च पर आसानी से हो जा सकता था। इसलिए कि इस कार्य में कहीं ना कही सरकारी धन को चुना लगाने की नीयत पर भ्रष्टाचार हुआ है । ऐसे में यह भी सत्य है कि पिछले 7 से आठ सालों के बीच देवली पालिका के द्वारा शहर में विकास के नाम जितने भी निर्माण एवं सौंदर्य करण कार्य करवाए गए हैं। उनमें आवश्यकता से अधिकाधिक लागत खर्च करने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पालिका परिसर में स्थित वॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्यकरण के कार्य में सरकारी धन का बड़ा दुरुपयोग हुआ है ।

इसलिए कि बॉलीबॉल ग्राउंड मैं जो कार्य हुआ है उस कार्य पेठे लगभग 35 लाख रुपए खर्च करने की कार्यप्रणाली में उक्त कार्य करने वाले ठेकेदार को सरकारी धन से लाखों का फायदा पहुंचाने की नीति बनाई गई है जो साफ तौर पर दिखाई पड़ रही है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

नगर पालिका परिसर में बॉलीबॉल ग्राउंड के सौंदर्यकरण कार्य में, ग्राउंड के चारों तरफ लोहे की जाली,इंटर लॉकिंग कार्य और स्टोन कार्य हुआ है। इसमें ऑफिस के बाद भी रेलिंग लगाई गई है।

**सुरेश कुमार मीणा**
**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका देवली, टोंक**

# जिले के अधिकारियों व कार्मिकों ने राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की ली शपथ

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, ( का.स. )।** राजस्थान स्थापना के साप्ताहिक महोत्सव के तहत अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों एवं कार्मिकों को शपथ दिलवाई । अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित प्रारूप अनुसार राजस्थान की महान परंपराओं का सम्मान एवं निर्वहन करते हुए राज्य के विकास एवं खुशहाली में सक्रिय भागीदार बनने की शपथ ली। इसके साथ ही जिले के विभिन्न कार्यालय में भी यह शपथ ली गई।

**शनिवार को युवा एवं रोजगार उत्सव का होगा आयोजन :** राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में जिला स्तरीय युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन शनिवार को सुबह 11.30 बजे से कृषि ऑडिटोरियम टोंक में किया जाएगा।

# शाहपुरा बंद, जिला बहाली की मांग को लेकर संघर्ष समिति का ब्लैक डे

## सीएम भजनलाल शर्मा के भीलवाड़ा दौरे के दौरान बंद का ऐलान

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा कस्बे में शुक्रवार को आम जनजीवन ठप रहा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भीलवाड़ा दौरे के मद्देनजर, शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर कस्बा पूरी तरह से बंद है। शाहपुरा को पुन: जिला बनाने की मांग को लेकर यह आंदोलन लगातार 87वें दिन भी जारी रहा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजौरा और संयोजक रामप्रसाद जाट के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन के तहत हर माह की 28 तारीख को ब्लैक डे मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में आज शाहपुरा में बाजार पूर्णत: बंद रहे। इस बंद को व्यापार मंडल का भी पूरा समर्थन प्राप्त हुआ है, जिससे शहर के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानें और सेवाएं ठप्प रहीं। सुबह से ही कस्बे के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और दुकानों के शटर बंद नजर आए। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने भी संघर्ष समिति के इस शांतिपूर्ण बंद को समर्थन दिया। संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने भीलवाड़ा जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया है, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से उन्हें मिलने का समय नहीं दिया गया। बावजूद इसके, समिति के कुछ सदस्य भीलवाड़ा पहुंचेगें और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने का प्रयास करेंगे। शाहपुरा बंद और आंदोलन के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस विभाग ने कस्बे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

संघर्ष समिति ने साफ कहा है कि अब शाहपुरा की जिला बहाली के सिवाय किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। समिति का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा घोषित शाहपुरा जिले को वर्तमान सरकार ने वापस लेकर शाहपुरा की जनभावनाओं का अपमान किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आंदोलनकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह से गैर-राजनीतिक और जनहित में है और जब तक शाहपुरा को पुन: जिला नहीं बनाया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। शाहपुरा के आम नागरिकों में भी इस मुद्दे को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि उन्हें अब भी जिला स्तर की मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं और उन्हें भीलवाड़ा जैसे बड़े शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है। संघर्ष समिति का यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। यदि सरकार ने जल्द ही कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो यह आंदोलन और अधिक तीव्र रूप ले सकता है।

# बच्चों में टीबी रोग की रोकथाम और इलाज पर जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स प्रशिक्षण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(का.स.)।** ममता एचआईएमसी और जिला टीबी सेल के सहयोग से, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय, टोंक के सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सीएमएचओ डॉ चौधरी ने भी पीडियाट्रिक टीबी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने 0 से 14 वर्ष तक के बच्चों में टीबी के लक्षण एवं उनके इलाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में टीबी की जल्द पहचान और सही इलाज से इस बीमारी को रोका जा सकता है। जिला चिकित्सालय टोंक के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव गुर्जर ने बाल टीबी रोग की पहचान, निदान ओर उपचार के बारे में बताया बच्चों में गैस्टिक लवाज ओर इंड्यूस्ड इस्पुटम की वीडियो के माध्यम से जानकारी दी राज्य स्तरीय प्रतिनिधि (ममता) दिव्यांशु चौधरी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक (ममता) नवरतन जैन ने बताया कि 0 से 14 वर्ष तक के संभावित क्षय रोगी बच्चों को क्यूआर कोड के माध्यम से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर करने की प्रक्रिया को समझाकर अधिक से अधिक बच्चों को रेफर के बारे में बताया। इससे टीबी से ग्रसित बच्चों की पहचान और इलाज में तेजी आएगी।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान त्र्क्ष्य जिला नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल जांगिड़, ,जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनटीईपी) मसर्रत मियां, लेखाकार दिनेश चौधरी , टिंकू रॉय (डीपीसी आईईसी), सहित डीपीओ, ब्लॉक स्तरीय सीबीईओ,आरबीएसके टीम, ब्लॉक आशा कॉर्डिनेटर, एसटीएस एवं एसटीएलएस उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ने किया गौग्रास

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री गौ सेवा मित्रमंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान व शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी के सानिध्य में उपमुख्यमंत्री, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री ने भीलवाड़ा सर्किट हाउस में गौ ग्रास का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, श्री गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा चलाए जा रहे पहली रोटी गाय की हम पहुचायेंगे गाय तक गौग्रास रथ अभियान का कारवां भीलवाड़ा सर्किट हाउस में पहुँचा। जहां पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व कैबिनेट मंत्री, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग कन्हैयालाल चौधरी द्वारा गौग्रास रथ में गौवंश के लिए फल, रोटी व गुड़ का गौग्रास किया गया। गौ सेवा मित्र मंडल के सदस्यों ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया।

# रेगर समाज का सत्संग समारोह श्री बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में आसींद के संत श्री भागीरथ महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ



बढ़ता राजस्थान

**भिनाय ( घनश्याम दास )।** भिनाय के निकटवर्ती ग्राम खेड़ी में गुरुवार रात्रि को रेगर समाज का सत्संग समारोह बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में आसींद के संत श्री भागीरथ महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत रहे। विशिष्ट अतिथि की भूमिका नरवर आश्रम के संत नानूराम महाराज ने निभाई। मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने सभी को होली एवं शीतला सप्तमी की हार्दिक बधाई दी। एवं कहा कि मनुष्य को धार्मिक कार्यक्रम करते रहना चाहिए, इससे मन को शांति मिलती है। सत्संग का शुभारंभ अतिथियों ने लोक देवता बाबा रामदेव जी महाराज की प्रतिमा और रेगर समाज के आदर्श संत श्री रविदास जी महाराज की तस्वीर के पुष्प हार चढ़कर, दीप प्रज्वलित कर किया। मंगलाचरण के पांच भजन रामपाल महाराज ने प्रस्तुत कर श्री गणेश किया। सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए संत भागीरथ महाराज ने कहा कि मानव अपनी मेहनत की कमाई से पैसे बचा कर सत्संग का आयोजन करता है, सत्संग से और सद्गुरु के संपर्क में रहने से मानव सही रास्ते पर चलता है। दुर्व्यसनो से दूर रह कर पुण्य की प्राप्ति करता है। और उसके दुखों का नाश हो जाता है। रतनलाल मुनोत ने उद्बोधन में कहा कि हमें अपनी संतान को पढ़ने के लिए अवश्य ही भेजना चाहिए। शिक्षित व्यक्ति ही अपने हक अधिकार के लिए लड़ सकता है। समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने और मनोबल बढ़ाने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करना चाहिए। जिससे कमजोर विद्यार्थी भी आगे आने का प्रयास कर सके। बांदनवाड़ा के भंवर सिंह ने कहा कि मानव - मानव सभी एक समान है, कोई छोटा- बड़ा नहीं है। सभी को मिल बैठकर आपस में समस्याओं का समाधान करना चाहिए। और भाईचारे से रहना चाहिए। सत्संग में संत पूरण भारती महाराज ने व्यावहारिक जीवन से संबंधित उदाहरण देकर समझाया, भजन प्रस्तुत किये और को कुप्रथाओं को छोड़ने और सत्संग महिमा पर प्रकाश डाला। सत्संग में संत राजमल महाराज अंटाली, नानूराम फुलिया कला, बन्ना राम किशनगढ़, भंवर लाल किशनगढ़, कैलाश करकेडी, छोगाराम किशनगढ़, भादूराम मंडोलाव, कचरू राम सलेमाबाद, पांचू राम डाबी किशनगढ़, शंकर राम दिलवाड़ी, रामलाल अजमेर, रतनलाल दिलवाड़ी, लादूराम उदलपुरा रायला, रामगोपाल माकड़ वाली, शंकर लाल देवलिया कला, आनंदी राम सांगरिया, बन्ना राम अरवड़, माधुराम बावलों का खेड़ा, रतन दास श्योपुरा, गरीब दास सरवाड़, मदन दास रहड़, तेजू राम, पुखराज, सुरेंद्र कुमार तुणगरिया ने संत महात्माओं को श्रीफल, शॉल, नकद उपहार राशि देकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शंकर लाल हिंगोनिया दिलवाड़ी और कुंदनमल बांदनवाड़ा ने किया।

# नैनवां पालिका के वार्डो का हुआ प्रारूप प्रकाशन अब नैनवां पालिका में होगें 35 वार्ड

बढ़ता राजस्थान



प्रकाशित प्रारूप को देखते हुए लोग

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां नगर पालिका क्षेत्र में अब 35 वार्ड होगें। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) बून्दी एंव नैनवां प्रशासन ने स्वायत शासन विभाग के निर्देश पर वार्डो के परिसीमांकन या पुनर्गठन प्रारूप प्रकाशन कर दिया है। नैनवां उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय एंव पालिका कार्यालय पर नैनवां पालिकाप के वार्डो का प्रारूप प्रकाशन करके 28 मार्च से 17 अप्रेल तक आपत्तिया मांगी गई है। पारूप प्रकाशन के 21 दिन तक उपखण्ड अधिकारी अथवा पालिका कार्यालय में आपत्तियां दी जा सकती है।

**35 वार्डो का होगा पालिका नया क्षेत्र :** प्रकाशित प्रारूप के अनुसार नैनवां पालिका में शामिल हुए सात राजस्व गांव के बाद अब कुल 35 वार्ड होगें। वार्ड एक में कुल जनसंख्या 825 होगी। जिसमें एससी की 112 एव एसटी 10 होगी। वार्ड दो में कुल जनसंख्या 770 है। जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 81 व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 47 होगी। वार्ड 3 में टोपा व कीरो का झोपड़ा शामिल होगा जिसकी कुल जनसंख्या 646 होगी जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 42 व अनुसूचित जनजाति की संख्या शुन्य है। वार्ड 4 से वार्ड 6 तक खानपुरा को शामिल किया गया है। वार्ड 4 में कुल जनसंख्या 820 होगी जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 135 व अनुसूचित जनजाति की संख्या शुन्य होगी। वार्ड 5 में कुल जनसंख्या 781 होगी जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 80 व अनुसूचित जनजाति की संख्या 9 होगी। वार्ड 6 में कुल जनसंख्या 651 होगी जिसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की संख्या शुन्य है। वार्ड 7 में कुल जनसंख्या 660 है। जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 170 व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 85 है। वार्ड 8 में कुल जनसंख्या 659 होगी जिसमें अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 175 एंव अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 30 होगी। वार्ड 9 में कुल जनसंख्या 721 होगी जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 25 व जनजाति की संख्या 14 होगी। वार्ड 10 में कुल जनसंख्या 860 होगी जिसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 32 व जनजाति की जनसंख्या 3 होगी। वार्ड 11 की कुल जनसंख्या 852 होगी जिसमें एससी की 12 व एसटी की शुन्य होगी। वार्ड 12 की जनसंख्या 750 होगी जिसमें केवल एसटी की जनसंख्या दो होगी। वार्ड 13 की कुल जनसंख्या 742 होगी जिसमें एससी 182 व एसटी 6 होगी। वार्ड 14 मे कुल जनसंख्या 856 है। जिसमें एससी 475 व एसटी 8 होगी। वार्ड 15 में कुल जनसंख्या 823 होगी जिसमें एससी व एसटी शुन्य है। वार्ड 16 में कुल जनसंख्या केवल 852 होगी। वार्ड 17 में कुल जनसंख्या 712 है। जिसमें एससी 16 व एसटी 3 होगी। वार्ड 18 में कुल जनसंख्या 711 होगी जिसमें एससी की 470 होगी। वार्ड 19 में कुल जनसंख्या 747 होगी जिसमें केवल एससी की जनसंख्या 189 होगी। वार्ड 20 में कुल जनसंख्या 762 होगी जिसमें एससी 120 व एसटी 27 होगी। वार्ड 21 में कुल जनसंख्या 731 होगी जिसमें एससी 100 व एसटी 35 होगी। वार्ड 22 में कुल जनसंख्या 816 होगी जिसमें एससी 113 व एसटी 36 होगी। वार्ड 23 में कुल जनसंख्याप 739 होगी जिसमें एससी 56 व एसटी 42 होगी। वार्ड 24 में कुल जनसंख्या 778 होगी जिसमें एससी 101 व एसटी की 27 होगी। वार्ड 25 में कुल जनसंख्या 797 होगी जिसमें एससी 72 व एसटी 34 होगी। वार्ड 26 में कुल जनसंख्या 742 होगी जिसमें एससी 77 व एसटी 42 होगी। वार्ड 27 दलेलपुरा का वार्ड है जिसकी जनसंख्या 713 होगी जिसमें एएसी 16 व एसटी की 521 होगी।

वार्ड 28 बड़ी पड़ाप का वार्ड है। जिसकी जनसंख्या 657 होगी जिसमें एएसी 110 व एसटी 78 होगी। वार्ड 29 रालड़ी का वार्ड है। जिसकी जनसंख्या 675 होगी जिसमें एससी 202 व एसटी 90 होगी। वार्ड 30 रजलावता का होगा जिसमें कुल जनसंख्या 829 होगी जिसमें एससी 42 व एसटी 38 होगी।

वार्ड 31 की जनसंख्या 851 होगी जिसमें एससी की 19 व एसटी की शुन्य होगी। वार्ड 32 की जनसंख्या 705 होगी जिसमें एससी 6 व एसटी 12 होगी। वार्ड 33 में कुल जनसंख्या 745 होगी जिसमें केवल एससी की 22 होगी। वार्ड 34 में कुल जनसंख्या 732 होगी जिसमें एससी 181 व एसटी 7 होगी। वार्ड 35 की कुल जनसंख्या 823 है। जिसमें एससी व एसटी की जनसंख्या शुन्य होगी।

# पिता के नक्शेकदम पर ऋतिक, कृष 4 का करेंगे डायरेक्शन

## यशराज फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस करेंगे राकेश रोशन; अगले साल शुरू होगी शूटिंग



ऋतिक रोशन फिल्म कृष 4 से डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। इस बात का ऐलान खुद उनके पिता राकेश रोशन ने सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने कहा कि वे अब निर्देशन की जिम्मेदारी अपने बेटे ऋतिक को सौंप रहे हैं। वहीं, इस फिल्म को राकेश रोशन और आदित्य चोपड़ा मिलकर प्रोड्यूस करेंगे।

### क्रिश 4 का डायरेक्शन करेंगे ऋतिक रोशन

राकेश रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर ऋतिक रोशन के साथ एक फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, '25 साल पहले मैंने तुम्हें एक एक्टर के तौर पर लॉन्च किया था और आज 25 साल बाद मैं तुम्हें एक निर्देशक के रूप में लॉन्च करने जा रहा हूं।'

इसके अलावा ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुष्टि की कि ऋतिक रोशन डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। वे अपनी फिल्म कृष 4 के साथ निर्देशन में कदम रखेंगे। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा और राकेश रोशन प्रोड्यूस करेंगे।

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, राकेश रोशन ने कहा, %मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी की शुरुआत से ही मेरे साथ इसे जीया है। महसूस किया है और इसके सपने देखे हैं। ऋतिक के पास कृष की यात्रा को दशकों तक दर्शकों के साथ आगे ले जाने का एक विजन है। मुझे यह देखकर बहुत गर्व हो रहा है कि वह एक ऐसी फिल्म के लिए डायरेक?टर बनने जा रहे हैं, जो हमारे लिए एक परिवार के रूप में बहुत मायने रखती है।

### आदित्य चोपड़ा करेंगे प्रोड्यूस

राकेश रोशन ने आगे कहा, %कृष 4 को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस करेंगे। मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने ऋतिक के निर्देशन में आने के लिए हामी भरी।%

### 2026 में शुरू होगी शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, %कृष 4% की स्क्रिप्ट तैयार है और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। अगले साल 2026 की शुरुआत में फिल?म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

### एक्टर से डायरेक्टर बने थे राकेश रोशन

राकेश रोशन ने अपने करियर की शुरुआत बतौर एक्टर साल 1970 में फिल्म घर घर की कहानी से की थी। इस फिल्म में वे सपोर्टिंग किरदार में नजर आए थे। उन्होंने बतौर एक्टर बहुत ही कम फिल्मों में काम किया है। इसके बाद उन्होंने साल 1980 में खुद की प्रोडक्शन कंपनी खोली और उसी साल आप के दीवाने फिल्म बनाई। लेकिन यह फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर बुरी फ्लॉप साबित हुई थी। हालांकि, इसके अलावा वे किंग अंकल, कोयला, कहो ना प्यार है, कोई मिल गया, करण-अर्जुन, कृष और कृष 2 जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कर चुके हैं।

# सीआईडी में एक्टर तिग्मांशु धूलिया की वापसी

## 6 साल बाद बारबोसा के किरदार में आएंगे नजर, बोले- खास मकसद से एंट्री ले रहा हूं



टीवी के पॉपुलर शो सीआईडी में अब एक्टर तिग्मांशु धूलिया वापसी करने वाले हैं। साढ़े छह साल बाद तिग्मांशु शो में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी वापसी की पूरी तैयारी हो चुकी है। आने वाले एपिसोड्स में कई जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिल सकते हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, तिग्मांशु धूलिया ने अपने कमबैक के बारे में कहा, जब मैंने 6.5 साल पहले सीआईडी जॉइन किया था, तो मैं थोड़ा नर्वस था। मुझे लगा था कि मेरी भूमिका को ज्यादा महत्व नहीं मिलेगा। लेकिन यह अनुभव बहुत अच्छा रहा और दर्शकों ने मेरे किरदार बारबोसा और आई गैंग को बहुत पसंद किया।

दर्शकों की मांग पर मुझे वापस बुलाया गया है। मैं इस बात से बहुत खुश हूं। सीआईडी के साथ मेरी जर्नी शानदार रही है। टीम के सभी लोग बहुत टैलेंटेड हैं और उनका काम करने का तरीका बहुत प्रोफेशनल है। इस इंडस्ट्री में ऐसे लोग ढूंढना मुश्किल है। सबसे खास बात ये है कि ज्यादातर क्रू के लोग, तकनीशियन से लेकर कलाकार तक, पहले से जान-पहचान वाले हैं। ऐसा लग रहा है कि जैसे घर वापसी हो रही है। तिग्मांशु ने आगे कहा, इस बार मैं एक खास मकसद के साथ वापस आ रहा हूं। पूरी तरह तैयार हूं। मेरा किरदार पहले से ज्यादा दमदार है। वह कभी भी खेल पलट सकता है और यही अनिश्चितता उसे और भी खतरनाक बनाती है। इस बार बारबोसा में एक नया स्टाइल है, जो इसे निभाने में और भी मजेदार बनाता है। मुझे इस किरदार को निभाने में बहुत मजा आ रहा है और मैं दर्शकों से वादा करता हूं कि मेरी वापसी धमाकेदार होगी।% बता दें, इससे पहले साल 2018 में %सीआईडी' 20 साल बाद में तिग्मांशु ने यह रोल प्ले किया था।

# थिएटर से पहला परिचय माता जी ने करवाया था मैं आर्मी में भी जाना चाहता था : आशुतोष राणा

तकरीबन तीन दशकों से अपने अभिनय के विभिन्न रंगों से दर्शकों को लुभाने वाले समर्थ और सक्षम अदाकार आशुतोष राणा एक्टिंग के हर माध्यम में सफल रहे हैं। आज से तीस साल पहले संविधान जैसे सीरियल में त्यागी की भूमिका से घर -घर लोकप्रिय हुए आशुतोष ने फिल्में हों या ओटीटी हर जगह अपनी छाप छोड़ी है। एक लंबे अरसे बाद जब उन्होंने हमारे राम जैसे नाटक में रावण के किरदार के जरिए रंगमंच पर वापसी की, तो उनके इस नाटक ने धूम मचा दी है।



### थिएटर से आपका पहला परिचय कैसे हुआ?

इसका श्रेय मेरी माता जी को जाता है। मैं तकरीबन साढ़े नौ -दस साल का रहा होऊंगा। तब मां ने मुझसे कहा, आनंद का व्यापार करो, आनंद को अपना पेशा बनाओ। उनका कहना था कि जब तुम अपने पैशन को प्रोफेशन बनाओगे, तब तुम इसे प्राप्त कर पाओगे। मां ने समझाया कि जब तुम रंगमंच पर खड़े रहोगे, तो यह तुम्हें तुम्हारे अंदर के प्रतिबिंब को देखने में सहायक होगा। इससे तुम्हें अपने पैशन को ढूंढने में सहायता होगी। हालांकि दूसरे बच्चों की तरह मेरे मन में भी क्रिकेटर, डॉक्टर, इंजिनियर बनने की ख्वाहिश थी। मैं आर्मी में भी जाना चाहता था। मैंने तमाम चीजों के लिए निरंतर प्रयास भी किया। धीरे-धीरे दूसरी गतिविधियां खत्म होती चली गईं। मेरा क्रिकेट खेलना बंद हो गया, एनसीसी वगैरह से मुक्त हो गया। कबड्डी खेलना छोड़ दिया, मगर रंगमंच पर अभिनय करना जारी रहा। मैं यूनिवर्सिटी के लास्ट ईयर में था और मेरे स्वर्गीय स्पिरिचुअल गुरु ने मुझसे कहा कि बेटा अब समय आ गया है कि तुम अपने पैशन को प्रोफेशन में कन्वर्ट करो। मैंने नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में अप्लाई किया और पहली ही बार में मेरा सिलेक्शन हो गया। बस वहीं से मेरे अभिनय की यात्रा आगे बढ़ी।

### आपने कभी सोचा था कि आप रावण का किरदार निभाएंगे?

मैं मध्यप्रदेश के जिस गाडरवारा जैसे छोटे-से कस्बे का हूं,वो सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत ही जागरूक है। वहां रामलीला के लिए भी ऑडिशन देना पड़ता था और चुने जाने के बाद 4 महीने का प्रशिक्षण भी लेना पड़ता था। मुझे बचपन से ही रावण के किरदार ने बहुत फैसिनेट किया है। मुझे लगता था कि इतना विलक्षण, दिव्य, आयुर्वेद, शास्त्र, हर चीज में निपुण, देवाधिदेव महादेव को साधा हुआ, तपस्वी है, आचार्य भी और साधक भी। इसके बाद भी परम चैतन्य राम के प्रति शत्रुता के भाव से भरा हुआ है। रावण की यही विसंगति मुझे मुझे आकर्षित करती रही, मगर उस बड़े किरदार को करने की मेरी उम्र और मानसिकता नहीं थी, तो तब वो अवसर नहीं मिला। हमें राक्षसों या फिर वानर सेना में शामिल होने के मौके मिलते थे। पहले तो कोई संवाद बोलने का अवसर नहीं मिलता था, मगर मैं सभी किरदारों की लाइनें याद करता था। अगर किसी अभिनेता को प्रॉम्प्टिंग की जरूरत पड़ जाती, तो मैं मुझे वो संवाद कंठस्थ रहते थे। 15-16 साल की उस उम्र में मैंने अंगद, मेघनाद, अक्षय कुमार, अक्षय रावण जैसे किरदार किए। मैंने केवट भी किया।

### थिएटर में आम तौर पर हर कलाकार को शो मस्ट गो ऑन वाली सिचुएशन से गुजरना पड़ता है, क्या आप भी ऐसे किसी हालात से गुजरे हैं?

हाल ही में हम एनसीपीए (नैशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स) में परफॉर्म कर रहे थे और मैं बुरे वाले वायरल से ग्रसित था। मैंने तीन दिन तक ग्लूकोज लगाए रखा। मेरी हालत खराब थी, मगर मैंने तेज बुखार और खांसी में शो किया। 2016 की बात है। मैं हैदराबाद में तेलुगू फिल्म की शूटिंग कर रहा था। सुबह के 7 बजे थे और मैं मेकअप के साथ तैयार था कि खबर आई, मेरे पिता का देहावसान हो गया है। अब वहां 300 लोगों की यूनिट खड़ी थी शूटिंग के लिए। हालांकि निर्देशक ने कहा कि हम पैकअप कर देते हैं, मगर मुझे लगा कि हैदराबाद से मैं मुंबई, भोपाल या जबलपुर जाऊंगा और उसके बाद गाडरवारा पहुंचूंगा, तब तक मेरे पिता के पार्थिव शरीर को 24 घंटे की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

# 35 लाख की राम मंदिर वॉच पर विवाद


## सलमान खान की राम मंदिर वॉच पहनने पर केआरके का आरोप - मुस्लिमों का उड़ा रहे मजाक



सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर 30 मार्च को ईद के खास मौके पर रिलीज होने वाली है। इन दिनों सलमान फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में व्यस्त चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई के ताज लैंड्स एंड में एक प्रेस मीट रखी थी, जिस दौरान वो राम मंदिर स्पेशल एडिशन की वॉच पहने नजर आए थे। तस्वीरें सामने आने के बाद सेल्फ डिक्लेयर्ड क्रिटिक कमाल राशिद खान ने सलमान और उनके फैंस पर भड़काऊ बयान दिया है। कमाल राशिद खान ने अपने ऑफिशियल ङ्ग प्लेटफॉर्म पर लिखा है, उन सभी मुस्लिमों को मुबारकबाद जो ईद पर सलमान खान की सिकंदर देखकर उन्हें ईदी देना चाहते हैं। वो राम जन्मभूमि एडिशन की जियोनिस्ट को. वॉच पहनकर सभी मुस्लिमों का मजाक उड़ा रहा है। इसके सभी मुस्लिम फैंस बेशर्म हैं।

### घड़ी की कीमत 35 लाख, मां और बहन ने तोहफे में दी

सलमान खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि राम मंदिर एडिशन की ये खास वॉच उन्हें मां और बहन ने तोहफे में दी है। इस घड़ी में अयोध्या राम मंदिर के साथ भगवान राम और हनुमान जी की तस्वीर है। जैकब एंड को. ब्रांड की इस स्पेशल वॉच की कीमत 34-35 लाख रुपए है। दुनियाभर में इस तरह की महज 49 वॉच ही उपलब्ध हैं। सलमान खान के अलावा अभिषेक बच्चन को भी इसे पहने हुए देखा जा चुका है।





# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप

## 144 की मौत

## 732 घायल; बैंकॉक में इमारत गिरने से 80 लोग लापता, 3 की जान गई

बढ़ता राजस्थान

**नेपीदा ( एजेंसी )।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है।



### पहले भूकंप के 12 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया


म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।

### म्यांमार के मांडले शहर की इमारतें तबाह

म्यांमार में एतिहासिक शाही महल मांडले पैलेस के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं, सागाइंग क्षेत्र के सागाइंग टाउनशिप में एक पुल भूकंप में पूरी तरह नष्ट हो गया। राजधानी नेपीता के अलावा क्यौकसे, प्यिन ऊ ल्विन और श्वेबो में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इन शहरों की आबादी 50 हजार से ज्यादा है।

### सागाइंग फॉल्ट की वजह से म्यांमार में आया भूकंप

म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में मौजूद एक बहुत बड़ी दरार है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सागाइंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सागाइंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है। इसे %स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट कहते हैं, जिसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं, ऊपर-नीचे नहीं। इसे आप ऐसे समझ सकते हैं जैसे दो किताबें टेबल पर रखी हों और उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ स्लाइड किया जाए। यह दरार अंडमान सागर से लेकर हिमालय की तलहटी तक जाती है और पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेट्स के हिलने-डुलने से बनी है। भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रही है, जिससे सागाइंग फॉल्ट पर दबाव पड़ता है और चट्टानें बगल में सरकती हैं। म्यांमार में कई बड़े भूकंप इसी सागाइंग फॉल्ट की वजह से आए हैं। इससे पहले 2012 में 6 .8 तीव्रता का भूकंप आ चुका है। सागाइंग फॉल्ट के पास 1930 से 1956 के बीच 7 तीव्रता वाले 6 से ज्यादा भूकंप आए थे।



# जयपुर में काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

## वक्फ बिल का विरोध; विधायक बोले-एक तरफ मोदी ईद पर गिफ्ट बांट रहे, दूसरी तरफ डरा रहे



**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा की गई। जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद के बाहर सड़क पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। वक्फ अमेंडमेंट बिल 2024 के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने की अपील की थी। लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया।

## संसद में बजट सत्र का 13वां दिन :

# राज्यसभा में सपा सांसद के राणा सांगा को लेकर बयान पर हंगामा; भाजपा ने मांफी की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद में बजट सत्र के 13 वें दिन दोनों सदनों में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान पर हंगामा जारी रहा। स्पीकर जगदीप धनखड़ ने राणा सांगा को राष्ट्रीय नायक बताया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ टिप्पणी बेहद अपमानजनक है।

भाजपा ने बयान को लेकर माफी की मांग की। हालांकि, रामजीलाल सुमन बयान पर माफी मांगने से इनकार कर चुके हैं। हंगामे के चलते दोपहर 12 बजे तक राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी उन सभी देशभक्तों का सम्मान करती है, जिन्होंने देश के लिए लड़ाई लड़ी और बलिदान दिया। लेकिन किसी को भी कानून हाथ में लेने और किसी सांसद के घर में तोड़फोड़ करने का अधिकार नहीं है।



दरअसल, सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था। इसके बाद कुछ लोगों ने उनके घर में तोड़फोड़ की थी।

इससे पहले लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने आएगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- खून के प्यासे कविता में गलत क्या

## इसमें हिंसा का संदेश नहीं, कांग्रेस सांसद प्रतापगढ़ी पर गुजरात में दर्ज एफआईआर रद्द की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की तरफ से दर्ज एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रद्द कर दी। यह एफआईआर उनके इंस्टाग्राम पोस्ट ऐ खून के प्यासे बात सुनो कविता को लेकर दर्ज की गई थी। कोर्ट ने फैसले में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर देते हुए पुलिस और निचली अदालतों की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा, कोई अपराध नहीं हुआ है। जब आरोप लिखित रूप में हों, तो पुलिस अधिकारी को इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए। बोले गए शब्दों का सही अर्थ समझना जरूरी है। कविता में हिंसा का कोई संदेश नहीं है, बल्कि यह अहिंसा को बढ़ावा देती है।

जस्टिस ओका ने पुलिस की कार्यशैली पर कहा, संविधान के 75 साल बाद भी पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार तब भी संरक्षित किया जाना चाहिए, जब बड़ी संख्या में लोग इसे नापसंद करें।

जस्टिस अभय ओका ने कहा कि भले ही न्यायाधीशों को कोई बात पसंद न आए, फिर भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को संवैधानिक संरक्षण देना जरूरी है। मुक्त



भाषण सबसे मूल्यवान अधिकारों में से एक है। जब पुलिस इसका सम्मान नहीं करती, तो न्यायालयों को आगे आकर इसकी रक्षा करनी चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि भले ही बहुत से लोग किसी दूसरे के विचारों को नापसंद करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य और कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को और अधिक सार्थक बनाता है।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि इमरान प्रतापगढ़ी ने 29 दिसंबर को अपने एक्स हैंडल पर कविता की 46 सेकेंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की थी। बैकग्राउंड में ऐ खून के प्यासे बात सुनो गीत बज रहा था। इमरान प्रतापगढ़ी ने जामनगर में आयोजित सामूहिक लगन समारोह में शिरकत करने के बाद यह सोशल मीडिया पोस्ट की थी।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com